UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-246 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) बुधवार 19 अगस्त 2026 youngbharatE-paper.com

## योगी का चेहरा, तावड़े की रणनीति... 2027 में बीजेपी के लिए यूपी में क्या कमाल कर पाएंगे विनोद तावड़े?


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027) की सियासी बिसात अब तेजी से बिछ रही है. बीजेपी ने विनोद तावड़े को यूपी चुनाव का प्रभारी बनाकर एक ऐसे नेता पर दांव लगाया है, जिसे संगठन और चुनावी मैनेजमेंट दोनों का अनुभव है.

अब सबकी नजरें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मजबूत चेहरे के साथ तावड़े की रणनीति पर होगी कि दोनों के जुड़ने के बाद बीजेपी 2027 में क्या नया कमाल कर सकती है? वैसे विनोद तावड़े की यूपी में सक्रियता नई नहीं है. अप्रैल 2026 में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी. उस दौरान प्रदेश बीजेपी की टीम, निगम-आयोगों में नियुक्तियों और संभावित मंत्रिमंडल विस्तार जैसे मुद्दों पर चर्चा की खबरें सामने आई थीं. यानी चुनाव प्रभारी बनने से पहले ही तावड़े यूपी बीजेपी के सत्ता और संगठन से जुड़े अहम मामलों में सक्रिय थे. दरअसल, विनोद तावड़े को यूपी प्रभारी बनाया जाना बीजेपी की चुनावी स ?ट्रेटजी का हिस ?सा है. यूपी जैसे 403 विधानसभा सीटों वाले राज्य में चुनाव केवल बड़े नेताओं की रैलियों से नहीं जीता जाता. बूथ लेवल का संगठन, टिकट चयन, जातीय और क्षेत्रीय समीकरण, सहयोगी दलों के साथ तालमेल और नाराज नेताओं को साधना किसी भी पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होती है. तावड़े की असली परीक्षा यहीं होगी. यह समझना भी अहम है कि योगी आदित ?यनाथ के साथ विनोद तावड़े की जोड़ी महत्वपूर्ण क्यों है? 2027 के चुनाव में बीजेपी के पास सबसे बड़ा राजनीतिक चेहरा योगी आदित्यनाथ हैं. पिछले सालों में सरकार ने कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस वे, निवेश और औद्योगिक विकास को अपनी उपलब्धियों के रूप में पेश किया है. सरकार अब छोटे शहरों और जिलों को नए आर्थिक केंद्रों के रूप में विकसित करने की रणनीति पर भी जोर दे रही है. ऐसे में योगी की भूमिका सरकार के कामकाज और चुनावी नैरेटिव को जनता तक पहुंचाने की होगी, जबकि तावड़े की चुनौती उस नैरेटिव को संगठन और बूथ तक पहुंचाने की होगी. यानी मोटे तौर पर बीजेपी का मॉडल कुछ ऐसा हो सकता है कि चेहरा योगी का, चुनावी मैनेजमेंट तावड़े का और संगठन की ताकत बीजेपी की. यूपी में बीजेपी के लिए 2027 का चुनाव आसान नहीं माना जा सकता. 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के बाद संगठन के सामने कई सीटों पर नए समीकरण खड़े हुए हैं. ऐसे में विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को चुनना बेहद महत्वपूर्ण होगा. तावड़े के सामने एक तरफ पुराने और मजबूत संगठनात्मक चेहरों को बनाए रखने की चुनौती होगी तो दूसरी तरफ उन सीटों पर नए सामाजिक समीकरण बनाने की जरूरत होगी, जहां बीजेपी को नुकसान हुआ था. जून 2026 में ही तावड़े को संभावित यूपी प्रभारी के रूप में लेकर चर्चा में यह बात सामने आई थी कि उनके सामने टिकट के बंटवारे और यूपी बीजेपी के कोर ग्रुप के साथ बेहतर तालमेल सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल हो सकता है. तावड़े की सबसे बड़ी ताकत के तौर पर बीजेपी के भीतर उनका चुनावी मैनेजमेंट देखा जाता है. बिहार चुनाव में उनकी भूमिका को लेकर पार्टी के भीतर पॉजिटिव चर्चा रही है और अब यूपी जैसे बड़े राज्य में उन्हें जिम्मेदारी मिलना उसी अनुभव का विस्तार माना जा सकता है. लेकिन यूपी बिहार से काफी अलग है. यहां 403 विधानसभा सीटें हैं. क्षेत्रीय राजनीति बेहद मजबूत है और पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल, बुंदेलखंड और अवध तक चुनावी मुद्दे अलग-अलग हैं. इसलिए बिहार का फॉर्मूला हूबहू लागू करने के बजाय तावड़े को यूपी के लोकल समीकरणों के हिसाब से रणनीति बनानी होगी. बीजेपी के सामने एक और बड़ा सवाल सत्ता विरोधी भावना का है. 2027 तक योगी सरकार को करीब एक दशक का शासन पूरा हो चुका होगा. सरकार निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, कानून-व्यवस्था और रोजगार जैसे मुद्दों पर अपनी उपलब्धियां गिना रही है.

## आयुष्मान मरीजों के इलाज में लापरवाही! एक्शन में योगी सरकार, 866 अस्पतालों पर हुई कार्रवाई




( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के इलाज में लापरवाही पर योगी सरकार ने शिकंजा कस दिया है. नियमों के उल्लंघन और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर इस योजना से जुड़े अस्पतालों पर सरकार ने सख्त कार्रवाई की है.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह कार्रवाई वर्ष 2020 से 2026 तक कुल 866 अस्पतालों के खिलाफ हुई है. इनमें सबसे अधिक 648 अस्पतालों का डी-इम्पैनलमेंट किया गया है. वहीं 61 अस्पतालों को योजना से निलंबित किया गया.

इसी प्रकार 17 अस्पतालों में विशेषता को डी-इम्पैनलमेंट किया गया है. इसके अलावा 140 अस्पतालों पर पेनाल्टी की कार्रवाई करते हुए साढ़े आठ करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया गया है. इनसे अब तक 4 करोड़ रुपये से अधिक जुर्माने की धनराशि वसूली गई है. साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि इस मामले में सीएम योगी गंभीर हैं. उनकी मंशा के अनुरूप लापरवाही बरतने वाले अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में लापरवाही पर 318 अस्पतालों के खिलाफ एक्शन लिया गया. इनमें 242 अस्पतालों को भारत सरकार के 35 इंडीकेटस पूरा न करने पर डी-इम्पैनलमेंट किया गया है. वहीं 61 अस्पतालों को निलंबित किया गया है. इनमें 15 अस्पतालों की स्पेशियलिटी का डी-इम्पैनलमेंट भी शामिल है. इससे पहले वर्ष 2025 में 16 अस्पतालों पर कार्रवाई हुई थी. इसमें 14 अस्पतालों का डी-इम्पैनलमेंट, दो अस्पतालों की स्पेशियलिटी का डी-इम्पैनलमेंट किया गया था. साचीज की सीईओ ने बताया कि वर्ष 2024 में 27 अस्पतालों पर कार्रवाई हुई. वहीं वर्ष 2023 में 203, वर्ष 2022 में 41, वर्ष 2021 में 44 और वर्ष 2020 में 77 अस्पतालों पर कार्रवाई की गई. इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 60 अस्पतालों के खिलाफ 3,45,66,861 रुपये पेनाल्टी लगाई गई. इनमें अस्पतालों से अब तक 3,19,27,958 रुपये की वसूली हो चुकी है. जबकि शेष धनराशि की वसूली की कार्रवाई चल रह है. इसी तरह वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 80 अस्पतालों पर 5,07,59,491 रुपये की पेनाल्टी लगाई गई हैं.

## देश के लिए मेडल जीतने वाले 500 युवाओं को नौकरी; योगी का ऐलान, कहा- माफिया प्रवृति सबसे बड़ी दुश्मन

( यंग भारत न्यूज )

गोरखपुर: उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित नागपंचमी महोत्सव पर दंगल में भाग लिया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने प्रदेश के विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने वाले 500 युवाओं को सरकार में नौकरी देने की घोषणा की। सीएम योगी ने दोपहर 3 बजे इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि देश के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को हम सरकार में सीधे नौकरी दे रहे हैं। अब तक 500 खिलाड़ियों को नौकरी दी जा चुकी है। अगले एक से दो माह में 500 अन्य मेडल विनर खिलाड़ियों को सरकार नौकरी देने जा रही है। उन्होंने विपक्ष पर हमलावर रुख अपनाते हुए कहा कि आज जो लोग युवा-युवा चिल्ला रहे हैं, उनके एजेंडे में कभी युवा था ही नहीं। वे केवल आपका इस्तेमाल करना चाहते हैं।

सीएम योगी ने क्या कहा?

गोरखनाथ मंदिर के दंगल कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 12 वर्ष में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। बदलाव हरेक क्षेत्र में हुआ है। खेल और खेल संस्कृति के क्षेत्र में भी वह परिवर्तन दिख रहा है। युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए खेलो इंडिया, फिट इंडिया, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विधायक खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। ग्रामीण लीग के माध्यम से गांव तक खेल के माहौल को बढ़ाया जा रहा है। नई-नई प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। इसका असर दिख रहा है। कॉमनवेल्थ गेम्स में आपने देखा होगा, भारत के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से चौथा स्थान हासिल किया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के भी 9 खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग लिया। उनमें से तीन खिलाड़ी मेडल प्राप्त किए हैं। एक गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रांज मेडल यूपी से जुड़े खिलाड़ियों ने देश के लिए प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने खेल की नीति को स्पष्ट किया है। खेल के लिए जो भी लड़का-लड़की, युवा, छात्र अपना समय देगा, देश के लिए मेडल जीतेगा, हम उसको सीधे नौकरी देंगे। सीएम योगी ने कहा कि हमारी स्पष्ट नीति का परिणाम है कि हमारी सरकार ने अब तक 500 से अधिक नौकरी दी है। खेल विभाग में सहायक निदेशक से लेकर डिप्टी एसपी तक का पद हमने खेल में मेडल जीतने वाले नौजवानों को दिए हैं। किसी ने हॉकी, किसी ने कुश्ती तो किसी ने कबड्डी या अन्य खेल में मेडल जीते हैं। उन्हें हमने नौकरी दी है। सीएम ने इस मौके पर कहा कि अगले एक महीने के अंदर दोबारा यूपी के 500 खेल में मेडल प्राप्त करने वाले नौजवानों को यूपी पुलिस और अलग-अलग विभागों में नौकरी देने जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि खिलाड़ी अगर खुद को ओलंपिक के लिए तैयार करते हैं और मेडल जीतते हैं तो उन्हें सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलेगा। ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने पर 6 करोड रुपये खिलाड़ी को यूपी सरकार की तरफ से दी जाती है। सिल्वर मेडल जीतने पर चार करोड़ और बांज मेडल जीतने पर 2 करोड रुपये की राशि देते हैं। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकार 10 लाख रुपये देती है। कॉमनवेल्थ और एशियाड में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है। नेशनल गेम्स के लिए भी हम उन्हें फैसिलिटेट करते हैं। सीएम योगी ने पूर्व की सरकारों में माफियाओं को बढ़ावा देने पर हमला बोला। सीएम ने कहा कि युवा कभी भी विपक्षी दलों के एजेंडे में नहीं रहा है। ये लोग केवल आपका दुरुपयोग करना चाहते हैं। जब ये लोग सत्ता में थे तो आपके हितों के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। कुछ माफिया की गिरफ्त में डाल दिया। सीएम ने कहा कि युवा शक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन है माफिया प्रवृत्ति। शिक्षा माफिया हो या फिर पेशेवर माफिया, ड्रग माफिया हो या किसी भी फील्ड का माफिया, अगर वह माफिया प्रवृत्ति बढ़ेगी तो युवा शक्ति की सबसे ज्यादा क्षति पहुंचेगी।



# ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मौत के बाद सुकून से ऊपर जाने का रास्ता भी है कीचड़ और पानी से सराबोर

- बरसात में श्मशान घाटों पर अंतिम संस्कार की चुनौती, टिनशेड और पक्की छत की दरकार
- ग्राम पंचायतों में विकास के लिए लाखों रुपये की निधि, फिर भी अधिकांश श्मशान घाटों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव
- बारिश में शवदाह के दौरान ग्रामीणों को होती है परेशानी, बैठने और शव जलाने तक के लिए सुरक्षित स्थान नहीं

(प्रधान सम्पादक)

(यंग भारत न्यूज)

उरई ( जालौन )। जनपद जालौन में ग्राम पंचायतों के माध्यम से गांवों में विकास कार्यों पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन कई ग्राम पंचायतों में आज भी श्मशान घाटों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। बरसात के मौसम में किसी ग्रामीण की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार कराने में परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर न तो पक्की छत है और न ही टिनशेड की पर्याप्त व्यवस्था, जिसके कारण बारिश के दौरान शवदाह करना बेहद कठिन हो जाता है। जनपद में बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतें हैं, जहां प्रत्येक वर्ष विभिन्न योजनाओं और ग्राम पंचायत निधि के माध्यम से विकास कार्य कराए जाते हैं। ग्रामीणों और समाजसेवियों का कहना है कि गांव में सड़क, नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग और अन्य विकास कार्यों के साथ श्मशान घाटों की व्यवस्था भी ग्राम पंचायतों की प्राथमिकता में शामिल होनी चाहिए। अंतिम संस्कार प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यक और सम्मानजनक प्रक्रिया है। ऐसे में श्मशान घाटों पर मौसम से बचाव के लिए स्थायी व्यवस्था होना बेहद जरूरी है।



### बरसात में बढ़ जाती है परेशानी

ग्रामीण क्षेत्रों में कई श्मशान घाट खुले स्थान पर हैं। बरसात के दौरान तेज बारिश होने पर लकड़ियां और अन्य सामग्री भीग जाती हैं। ऐसे में शव को जलाने में काफी समय लग जाता है। अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों के सामने भी बारिश से बचने की समस्या रहती है। कई जगह ग्रामीणों को प्लास्टिक या अस्थायी साधनों का सहारा लेना पड़ता है।

समाजसेवियों का कहना है कि श्मशान घाटों पर कम से कम एक मजबूत टिनशेड अथवा पक्की छत, बैठने के लिए चबूतरा, प्रकाश की व्यवस्था और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इससे बरसात और गर्मी दोनों मौसम में ग्रामीणों को राहत मिल सकेगी।

### ग्राम पंचायत निधि से हो सकता है निर्माण

समाजसेवियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम पंचायतों में उपलब्ध निधि से श्मशान घाटों की स्थिति का सर्वे कराया जाए। जिन ग्राम पंचायतों के श्मशान घाटों पर टिनशेड या पक्की छत नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराया जाए। साथ ही पहले से बने श्मशान घाटों की स्थिति की भी जांच कराकर आवश्यक मरम्मत और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उनका कहना है कि इसके लिए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिवों को स्पष्ट निर्देश दिए जा सकते हैं कि अपने-अपने क्षेत्र के श्मशान घाटों का निरीक्षण कराकर वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी और विकास निधि का उपयोग भी जनहित में होगा।

### डीएम से प्रभावी पहल की उम्मीद

समाजसेवियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनपद की ग्राम पंचायतों में श्मशान घाटों की सुविधाओं की समीक्षा कराई जाए। खासकर बरसात के दौरान होने वाली परेशानियों को देखते हुए टिनशेड अथवा पक्की छत का निर्माण कराने के लिए ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के विकास का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब आवश्यक सुविधाएं प्रत्येक वर्ग और हर परिस्थिति में लोगों को उपलब्ध हों।

- समाजसेवियों ने जिलाधिकारी से ग्राम पंचायत निधि से श्मशान घाटों पर टिनशेड बनवाने की मांग की
- प्रधान और सचिवों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित करने की उठी मांग

# बड़े दिनों के बाद पुलिस ने पाई बाइक चोरी पर बड़ी सफलता

## उरई पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश,

### -15 दोपहिया वाहन बरामद, दो शातिर चोर दबोचे
### -फरार चोरों को पकड़ने में जुटी है पुलिस
### -फैक्ट्री एरिया में छुपा कर रखते थे, वाहन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उरई कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 14 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी समेत कुल 15 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। बरामद वाहनों में 13 मोटरसाइकिलें जालौन समेत विभिन्न जनपदों में दर्ज चोरी के मुकदमों से संबंधित बताई गई हैं।



पुलिस लाइन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी विनय कुमार सिंह और एएसपी डॉ. ईशान सोनी ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 18 अगस्त को उरई कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर 15 दोपहिया वाहन बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आनंद पुत्र चंद्रशेखर (27), निवासी महुआखेड़ा, थाना समथर, झांसी तथा मोनू यादव पुत्र रहीश (32), निवासी राजापुर, थाना रक्सा, झांसी के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी झांसी के अलावा दतिया, शिवपुरी, ललितपुर, हमीरपुर और जालौन समेत आसपास के जनपदों में मोटरसाइकिलों की रेकी करते थे। मौका मिलते ही मास्टर चाबी की मदद से बाइक का लॉक तोड़कर उसे चोरी कर लेते थे। पुलिस के अनुसार चोरी की गई मोटरसाइकिलों को उरई के फैक्ट्री एरिया में सुनसान और सुरक्षित स्थान पर छिपाकर रखा जाता था। इसके बाद ग्राहक तलाशकर चोरी की बाइक बेच दी जाती थी। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि एक चोरी की बाइक का सौदा करीब 20 से 25 हजार रुपये में किया जाता था। ग्राहक से 10 से 15 हजार रुपये एडवांस लेने के बाद बाइक सौंप दी जाती थी और शेष रकम वाहन के कागजात देने के बाद लेने की बात तय होती थी। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी आनंद का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ झांसी जिले के विभिन्न थानों में चोरी, चोरी का माल रखने, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत अलग-अलग धाराओं में 18 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। इनमें बड़ागांव, गुरसराय, मोठ, नवाबाद, प्रेमनगर, रक्सा, सदर बाजार और सीपरी बाजार थाना क्षेत्रों के मामले शामिल हैं। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।उरई कोतवाली पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी के संबंध में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब बरामद वाहनों से संबंधित विभिन्न जनपदों में दर्ज चोरी के मुकदमों का सत्यापन कर रही है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी की बाइक खरीदने वाले संभावित ग्राहकों की भी तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील स्तरीय बैठक सम्पन्न, अजीत सिंह बने माधौगढ़ तहसील अध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )



रामपुरा, जालौन। उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील स्तरीय बैठक आज विकास खण्ड रामपुरा में जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह राजावत व विजय द्विवेदी अध्यक्षता एवं अरविंद सिंह भदोरिया उर्फ पीसीएम के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, पत्रकारों की एकजुटता और ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारों के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान संगठन को तहसील स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से अजीत सिंह को माधौगढ़ तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह राजावत ने अजीत सिंह के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वह संगठन के सभी पत्रकार साथियों को साथ लेकर पत्रकार हितों के लिए मजबूती से कार्य करेंगे।जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार समाज की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गांव-कस्बों से जुड़ी समस्याओं, विकास कार्यों, जनहित के मुद्दों और आमजन की आवाज को प्रमुखता से सामने लाना पत्रकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और उनके सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार प्रयास करता रहेगा।बैठक में पत्रकारों की आपसी एकता, संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने तथा तहसील क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र में संगठन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकारों को किसी भी समस्या का सामना होने पर संगठन के माध्यम से उनकी आवाज मजबूती से उठाई जाएगी। नवनियुक्त माधौगढ़ तहसील अध्यक्ष अजीत सिंह ने जिला अध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र के सभी पत्रकार साथियों को साथ लेकर संगठन को मजबूत किया जाएगा तथा पत्रकार हितों के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों एवं तहसील स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। अंत में सभी पत्रकारों ने संगठन की एकता और मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह राजावत, नव युक्त तहसील अध्यक्ष अजीत सिंह, विजय द्विवेदी, राकेश कुमार, अरविंद भदौरिया, अमित पुरवार, डॉ राजकुमार मिश्रा, कुलदीप जाटव, शानू खा, अंकित दीक्षित, महेंद्र गौतम, राजेंद्र सिंह सेंगर, जावेद खा , नीतेश कुमार आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे ।

# 2.1 किग्रा अवैध गांजे के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

जालौन-उरई। कोतवाली पुलिस ने शातिर नशा तस्कर को 2.1 किग्रा अवैध गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद गांजे को कब्जे में लेकर अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया है।

सोमवार की देर रात करीब दो बजे सीओ अजय कुमार सिंह को सूचना मिली कि बंगरा रोड पर शातिर नशा तस्कर नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाल हरिशंकर चंद के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, कांस्टेबल विवेक राजपूत, रवेंद्र व जितेंद्र सारस्वत बंगरा रोड पर स्थित एक रेस्टोरेंट के पास पहुंच गए। पुलिस ने वहां से निकल रहे मोहल्ला खटीकान निवासी राजू उर्फ रफीक को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से 2.1 किग्रा गांजा बरामद किया। पुलिस तत्काल आरोपी को कोतवाली ले आई। पूछतांछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजा बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने जब आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला तो उसके खिलाफ चोरी, गौवध अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप आदि मामलों में जालौन, कोंच, उरई कोतवाली के अलावा औरैया जिले के विभिन्न थानों में कुल 13 संगीन मुकदमे दर्ज मिले। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि नशे के कारोबार और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# एनीमिया नियन्त्रण संगोष्ठी एवं जांच शिविर का आयोजन

### -शिविर में मेंहदी प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



जालौन-उरई। भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एनीमिया नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर में भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा की ओर से एनीमिया नियन्त्रण संगोष्ठी एवं जांच शिविर का आयोजन स्थानीय एमएल कांवेंट स्कूल में किया गया। इसके साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा की ओर से एमएल कांवेंट स्कूल में लगाए गए एनीमिया जांच शिविर में डॉ लाल पेथोलोजी के विनय मिश्रा, अनिल द्वारा 36 सैंपल लिए गए। इस दौरान महिला संयोजिका ऊषा गुप्ता ने कहा कि एनीमिया के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। विशेषकर महिलाओं और किशोरियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। शरीर में खून की कमी होने पर कमजोरी, थकान, चक्कर आना और कार्यक्षमता प्रभावित होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। शिक्षिका दिशा बाजपेई ने कहा कि खानपान में हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, मौसमी फल और पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल बीमारी होने पर ही स्वास्थ्य की चिंता करने के बजाय नियमित रूप से जांच कराते रहना चाहिए। इस दौरान मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शिक्षिका अंजलि के निर्णायक मंडल ने मेंहदी प्रतियोगिता में प्रद्युम्न को पहला, संस्कृति को दूसरा, पलक को तीसरा स्थान प्राप्त करने पर पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर अनीता माहेश्वरी, कंचन अग्रवाल, किरन अग्रवाल, अंजू श्रीवास्तव, रश्मि विश्नोई, सुनीता सोनी, रेणु द्विवेदी, उमा गुप्ता बजाज, शशि अग्रवाल, सुनील गुप्ता, प्रबंधक गौरव गुप्ता आदि रहे।

# मारपीट के मामले में दोनों पक्षो ने दी जवाबी तहरीर

( यंग भारत न्यूज )



माधौगढ़( जलौन)। क्षेत्र में मंगलवार सुबह मारपीट को लेकर विवाद सामने आया है। मामले में दोनों पक्षों ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। घटना में मनोज दीक्षित के सिर में चोट आई है। उनकी चोट के फोटो भी सामने आए हैं, जिनमें सिर पर खून और चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं।

मनोज दीक्षित का आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह घर के बाहर स्थित मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रमोद, विनोद तथा मनोज ओझा पुत्र स्वर्गीय रामलाल ओझा ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। मनोज के अनुसार, मारपीट के दौरान उनके सिर में चोट लगी। इसके बाद उन्होंने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि वे मनोज दीक्षित के घर के पास खेत से खंभे उखाड़े जाने का उलाहना देने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान मनोज दीक्षित की ओर से उनके साथ मारपीट कर दी गई। दूसरे पक्ष ने भी पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद मनोज दीक्षित की चोट के फोटो सामने आए हैं, जिनमें सिर के अलावा शरीर पर भी चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, चोट की गंभीरता की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही हो सकेगी। पुलिस को दोनों पक्षों की ओर से प्रार्थना पत्र मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ताले चटकाकर चोरों ने चक्की की मोटर, कांटा-बांट व गेहूं किया पार

## मामला ग्राम तीतरा का,पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )



कोंच चोरों ने आटा चक्की का ताला तोड़कर चक्की की मोटर, कांटा-बांट और करीब एक दर्जन गेहूं से भरी बोरियां चोरी कर ली। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों से घटना के बारे में जानकारी हासिल कर छानबीन में जुटी।मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर निवासी प्रदीप वर्मा पुत्र ठाकुरदास तीतरा और झीलरा गांव के बीच में आटा चक्की लगाए हुए हैं।प्रदीप रोज की तरह चक्की के गेट पर ताला लगाकर घर आ गया था। सोमवार की सुबह जब वह चक्की पर पहुंचा तो देखा कि ताला टूटा हुआ पड़ा था और बाहर से खाली कुंडी लगी हुई थी। अंदर जाकर जब देखा तो चक्की की मोटर के अलावा कांटा-बांट और करीब एक दर्जन की संख्या में गेहूं से भरी बोरियां गायब थीं। चक्की के बाहर वाहन गुजरने के निशान भी देखे गए हैं। पीड़ित प्रदीप ने बताया कि करीब दो साल पहले उसने लोन निकालकर चक्की खरीदी थी और इसी से वह अपनी जीविका चलाता है, लोन की किश्त के रूप में वह प्रतिमाह 13 हजार रुपए अदा करता है। पीड़ित ने चोरी की घटना में पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।वही प्रभारी निरीक्षक निगवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि सुनसान स्थान पर चक्की का संचालन किया जा रहा है, चक्की के बाहर वाहन गुजरने के निशान देखे जा रहे हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चंदकुआं पर नाला सफाई के लिए पहुंची जेसीबी फार्मल्टी कर वापस लौटी

## भूतेश्वर मंदिर में घुटनों तक नाले के पानी में खड़े होकर आरती करते पुजारी का वीडियो वायरल होने के बाद पालिका चेती

( यंग भारत न्यूज )



कोंच तेज बारिश ने नगर पालिका की नाला सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। बारिश के बाद नगर की कई सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं और चंदकुआं चौराहे पर जलभराव के चलते लोगों के घरों, दुकानों से लेकर मंदिर और अस्पताल तक मे पानी पहुंच गया।नगर के प्राचीन भूतेश्वर मंदिर भी जलभराव की चपेट में आ गया और दूषित पानी शिवलिंग तक पहुंच गया।

जलभराव के बीच मंदिर में पुजारी द्वारा आरती किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे। प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका प्रशासन को तत्काल नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए।वीडियो वायरल होने के अगले ही दिन पालिका की टीम चंदकुआं पहुंची और जेसीबी की मदद से नाले की सफाई शुरू कराई। बताया गया कि नाले की एक जगह से ही कई ट्रॉली मलबा निकला। इसके बावजूद कुछ देर की कार्रवाई के बाद अभियान बंद कर दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाला सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति की गई। उनका कहना है कि पालिका की टीम कुछ देर तक जेसीबी चलाने के बाद फोटो खिंचवाकर मौके से चली गई। यदि नाले की पूरी तरह सफाई कराई जाती तो जलनिकासी की समस्या का समाधान हो सकता था। लोगों का कहना है कि नालों की नियमित सफाई और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष उन्हें जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। अब देखना यह है कि पालिका प्रशासन फोटो सेशन तक सीमित इस कार्रवाई को आगे बढ़ाकर जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान कराता है या फिर अगली बारिश का इंतजार करता है।

नालों पर अतिक्रमण हटवाने के लिए कराया जा रहा ऐलान

जलभराव की समस्या को देखते हुए एसडीएम अभिनव कुमार यादव ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए ऐलान कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नालों पर अतिक्रमण के कारण सही से नाला सफाई नहीं हो पा रही है। अतिक्रमण हटने के बाद नालों की सफाई कराकर जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर कराया जाएगा।

# मिझौना में समूह संस्कृतिकरण बैठक आयोजित, राशन कार्ड धारकों को समूह से जोड़ने पर जोर

( यंग भारत न्यूज )



माधौगढ़। ग्राम पंचायत मिझौना में समूह संस्कृतिकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम के राशन कार्ड धारकों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित लोगों को समूह गठन, उसकी कार्यप्रणाली तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। बैठक के दौरान रोस्टर के अनुसार समूह में मेंबर एवं प्रेसिडेंट का गठन कराया गया। पूर्व गठित समूह की दीदियों ने महिलाओं को समूह के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और उससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि कन्वर्जन योजना के अंतर्गत आदेशानुसार सभी राशन कार्ड धारकों को समूह से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। महिलाओं को समूह से जुड़कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर बुक कीपर दीपिका, ब्लॉक मैनेजर मुकेश कुमार, समूह से जुड़े पदाधिकारी एवं ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कुठौंद एसबीआई शाखा में हुआ भंडारे का आयोजन,

( यंग भारत न्यूज )




कुठौंद ।जालौन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुठौंद शाखा में मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। बैंक परिसर में आयोजित भंडारे में बैंक कर्मचारियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। सुबह से ही भंडारे की तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। प्रसाद तैयार होने के बाद बैंक परिसर में आने वाले लोगों, ग्राहकों और राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया।

भंडारे में लोगों ने श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बैंक कर्मचारियों ने स्वयं प्रसाद वितरण की व्यवस्था संभाली और लोगों की सेवा की। भंडारे के दौरान बैंक परिसर में लोगों की आवाजाही बनी रही। आयोजन में शामिल कर्मचारियों ने आपसी सहयोग से भंडारे की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया। शाखा प्रबंधक विजय बाबू, लोन विभाग के मैनेजर नमन अग्रवाल, आयुष,नलिन सेन कैशियर देवी शंकर त्रिपाठी समेत बैंक के कर्मचारियों ने भंडारे में सहभागिता की। कर्मचारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोगों के बीच सेवा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। भंडारे में पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।

# राजस्व वसूली में लापरवाही पर डीएम सख्त, ईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



नगर पालिका, सिंचाई, वन, स्टांप एवं परिवहन विभाग की राजस्व वसूली संतोषजनक नहीं मिलने पर डीएम ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अगले माह तक प्रभावी सुधार सुनिश्चित करने को कहा। नगर पालिकाओं में स्वत: कर प्रणाली लागू करने में अपेक्षित कार्रवाई न होने पर उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। नगर पालिका उरई में ठेका-पट्टा आदि में स्टांप संबंधी अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाई और प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध होर्डिंग, पट्टों और अतिक्रमण के कारण शासन को राजस्व की क्षति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने को कहा। मंडियों में जनवरी से लंबित रिक्त दुकानों के आवंटन में देरी पर भी डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए दो दिन के भीतर आवंटन प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए।

### तीन वर्ष पुराने राजस्व वादों का हो प्राथमिकता से निस्तारण

राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को तीन वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। धारा-34 एवं धारा-116 के लंबित मामलों को भी शीघ्र निस्तारित करने को कहा, ताकि आमजन को समयबद्ध न्याय मिल सके। डीएम ने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह सहित अन्य सार्वजनिक संपत्तियों से अवैध कब्जे हटाने के लिए लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की शिकायत मिलते ही राजस्व और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करें। लेखपाल बैठकों एवं समाधान दिवसों में खतौनी, नक्शा समेत जरूरी राजस्व अभिलेख अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखने को भी कहा, जिससे शिकायतों का मौके पर ही समाधान हो सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से शासन की प्राथमिकताओं और विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और गंभीरता के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसमस्याओं का समाधान कराने तथा राजस्व वसूली समेत सभी विभागीय लक्ष्यों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजीव राज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिन्कू राही, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दबंगों ने युवक को बंधक बनाकर पीटा, जातिसूचक गालियां देने का आरोप

**- पीड़ित ने दर्जन भर लोगों ने मिल कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई (जालौन)।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम रेंढ़र निवासी आलोक रजक पुत्र सोनू के साथ कुछ दबंगों पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित आलोक ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र के अनुसार घटना 14 अगस्त 2026 की दोपहर करीब दो बजे की है। पीड़ित का आरोप है कि वह ग्राम नावर गया था। वहां गांव निवासी दिव्यांश चतुर्वेदी उर्फ नोरें पुत्र सत्यनारायण चतुर्वेदी ने उसे इंस्टाग्राम आईडी से बुलाया था। नावर पहुंचने पर दिव्यांश समेत चार लोगों ने उसका मुंह बांधकर अपने कब्जे में ले लिया और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर दबंगों ने उसके साथ मारपीट की तथा उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर गांव से दूर खेत पर बनी कोठी में ले गए। वहां भी उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि जाति पूछने के बाद आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं और धमकी देते हुए कहा कि वे उसे जान से मार देंगे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर एवं बहुजन समाज के महापुरुषों के नाम लेकर भी अभद्र टिप्पणी करते हुए पीड़ित से मारपीट की। जब उनका मन नहीं भरा तो उसे जमीन पर पटककर पीटा गया। आरोपियों के चंगुल से किसी तरह बचकर पीड़ित मोटरसाइकिल के पास पहुंचा और वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद से वह काफी डरा और सहमा हुआ है। उसे आशंका है कि आरोपी उसके साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। उसने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा अपनी सुरक्षा की मांग की है।इस मौके पर प्रमुख रूप से मनोज दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष भीम गाडगे सेवा समिति, सुशील कुमार चौधरी, परशुराम कनौजिया, आकाश गौतम मीडिया प्रभारी भीम आर्मी, रामजी धाकड़, भूप सिंह रिद्धियां, विजय सिंह, विजय सिंह श्रीवास सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# अचानक कुत्ता आने से बाइक हुई अनियंत्रित पति पत्नी सहित बच्ची घायल

( यंग भारत न्यूज )

उरई (जालौन)।कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सामी के पास दिन सोमवार की देर रात करीब 10 बजे सड़क पर अचानक कुत्ता आ जाने से एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी मासूम बच्ची घायल हो गई गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कूंडा थाना कैलिया निवासी रामलखन वर्मा उम्र करीब 36 वर्ष अपनी पत्नी माया देवी उम्र करीब 34 वर्ष और करीब 6 माह की बच्ची के साथ रिश्तेदारी में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने नदीगांव गए थे कार्यक्रम के बाद तीनों बाइक से अपने गांव कूंडा वापस लौट रहे थे बताया गया कि जैसे ही वह ग्राम सामी के पास पहुंचे ही थे तभी अचानक बाइक के सामने एक कुत्ता आ गया कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई सड़क पर जा गिरी जिससे हादसे में रामलखन उनकी पत्नी माया देवी और बच्ची घायल हो गए

घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां चिकित्सक डॉ. गौरव शर्मा ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। महिला माया देवी की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया।

# सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी पर लगे आरोपों की जांच में क्लीन चिट, शिकायतकर्ता ने की पुनः जांच की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** सहायक कृषि अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हो चुके एक अधिकारी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता शिवकुमार, राजेन्द्र प्रसाद, कमलेश बाबू त्रिपाठी का आरोप है कि अधिकारी के खिलाफ पूर्व में गंभीर आरोप लगाए गए थे, जिनकी जांच कराई गई, लेकिन जांच में उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया। शिकायती पत्र के अनुसार, संबंधित अधिकारी 31 जुलाई 2026 को सहायक कृषि अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। आरोप है कि उनके कार्यकाल के दौरान कुछ मामलों में अनियमितता और पक्षपात किए जाने की शिकायत सामने आई थी। इस संबंध में 14 अगस्त 2025 को आरोप पत्र भी जारी किए जाने का उल्लेख शिकायत में किया गया है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि मामले की जांच के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें आरोपी अधिकारी को दोषमुक्त कर दिया गया। हालांकि शिकायतकर्ता ने जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए दोबारा मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि मामले को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# 13 साल बाद भी शहीद के नाम पर नहीं बन सका शहीद द्वार, पूर्व अर्ध सैनिक कल्याण संस्था ने डीएम से लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )

उरई (जालौन)। देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद की स्मृति में प्रस्तावित शहीद द्वार का निर्माण करीब 13 साल बाद भी धरातल पर नहीं उतर सका है। इसको लेकर पूर्व अर्ध सैनिक कल्याण संस्था, उरई-जालौन ने जिलाधिकारी जालौन को पत्र भेजकर नगर पालिका परिषद उरई को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।



संस्था के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाल द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में बताया गया कि 13 मार्च 2013 को जम्मू-कश्मीर के बबीना चौक में तैनात सीआरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक अवध बिहारी सिंह आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। उनके पैतृक गांव कुठौंदा बुजुर्ग में अंतिम संस्कार के दौरान केंद्रीय एवं राज्य स्तर के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शहीद को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके नाम पर शहीद द्वार का निर्माण तथा शहीद की प्रतिमा स्थापित कराने का वादा किया था। पत्र में कहा गया कि इस घोषणा को करीब 13 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक शहीद द्वार और प्रतिमा स्थापित करने का कार्य धरातल पर नहीं हो सका है। संस्था ने कहा कि शहीद के परिजनों और उनकी वीरांगना पत्नी उमा देवी को इस बात का मलाल है कि देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद की स्मृति में शासन-प्रशासन एक शहीद द्वार भी नहीं बनवा पाया। संस्था के अनुसार, इस संबंध में उच्च अधिकारियों एवं संबंधित कार्यालयों को कई पत्र भेजे जा चुके हैं। शहीद द्वार निर्माण के लिए नगर पालिका उरई द्वारा दो बार एस्टीमेट भी तैयार किया गया, लेकिन वर्क ऑर्डर जारी न होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।

पूर्व अर्ध सैनिक कल्याण संस्था ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका परिषद उरई को शहीद द्वार का निर्माण जल्द शुरू कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएं। संस्था ने कहा कि इससे शहीद अवध बिहारी सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी और उनके परिवार की भावनाओं का भी सम्मान होगा।

# दो सगी नाबालिग बहनों को भगाकर ले जाने के मामले में दो नामजद

( यंग भारत न्यूज )

कालपी-उरई। स्थानीय नगर के मोहल्ला राजघाट से दो सगी नाबालिग बहनों के घर से गायब होने के मामले में उनकी मां ने मोहल्ले के ही दो युवकों के खिलाफ कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस के द्वारा दोनों किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।उक्त प्रकरण को लेकर पीड़िता की मां ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि 16 अगस्त 2026 की रात करीब दो बजे वह अपने घर में सो रही थी। उसका पति रिश्तेदारी में बाहर गया हुआ था। सुबह जागने पर उसने देखा कि उसकी 17 वर्षीय बड़ी बेटी और 15 वर्षीय छोटी बेटी घर में मौजूद नहीं थीं।महिला ने दोनों बेटियों की तलाश रिश्तेदारों के यहां की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद मोहल्ले में जानकारी करने पर पता चला कि रामगोपाल यादव के मकान में रहने वाले आरोपियों भगवान दास तथा मोनू, निवासी राजघाट कालपी, दोनों किशोरियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं।मां की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों भगवान दास तथा मोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों नाबालिग बहनों की बरामदगी मामले की जांच में जुटी है। लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं को लेकर नागरिकों में चिंता जताई है।

# रास्ते में महिला को रोककर मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

कालपी-उरई।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खास निवासी एक महिला को देवकली जाने वाले मार्ग पर रोककर उसके देवरों द्वारा मारपीट तथा गाली-गलौज किए जाने पर महिला के गंभीर रूप से घायल होने पर उसके भांजे ने कोतवाली कालपी में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

इस सम्बन्ध में वादी राजा बाबू पुत्र कैलाश निवासी ग्राम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुते बताया कि 17 अगस्त 2026 को करीब 11 बजे उसकी मामी रेनू पत्नी राम प्रकाश ग्राम गुढ़ा खास से देवकली जाने वाले मार्ग से कालपी की ओर जा रही थीं। तभी मुखिया के ट्यूबवेल के पास उनके आरोपियों देवर राम सजीवन, नरेंद्र और रामकृष्ण पुत्रगण राधे निवासी गुढ़ा खास ने रास्ता रोक लिया और उन्हें आगे नहीं जाने दिया।तीनों आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज की, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गईं। घटना की जानकारी मिलने पर राजा बाबू वहां पहुंचा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।ओऔऔऔंऔऔइसके बाद परिजन महिला को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार कराया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा उपनिरीक्षक व पूर्व मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# तहसील उरई में 19 व 29 अगस्त को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

( यंग भारत न्यूज )



उरई (जालौन)।तहसील विधिक सेवा समिति उरई द्वारा विधिक सेवा कार्यक्रम, विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के सचिव/तहसीलदार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिविर में निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम के तहत 19 अगस्त 2026 को तहसील उरई के तहसील सभागार में तथा 29 अगस्त 2026 को ग्राम राहिया के सचिवालय में अपराह्न 1 बजे विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शिविर में दाम्पत्य विवादों के प्री-लिटिगेशन समाधान, राष्ट्रीय खेल दिवस, गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रचार-प्रसार, पशुक्रूरता से संरक्षण अधिनियम तथा एडीआर (वैकल्पिक विवाद समाधान) मैकेनिज्म के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए टीम लीडर के रूप में धर्मेन्द्र कुमार, पीएलवी को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों निर्धारित तिथियों पर संबंधित स्थानों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तहसील विधिक सेवा समिति की ओर से मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी डकोर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी शहर, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर तथा पूर्ति निरीक्षक उरई सहित संबंधित अधिकारियों से शिविर में समय से प्रतिभाग करने का अनुरोध किया गया है।

# मनोज दिवाकर को बसपा ने निकाला

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के चलते मनोज दिवाकर को बसपा ने दिखाया बाहर का रास्ता

( यंग भारत न्यूज )

**उरई (जालौन)।** बसपा जिलाध्यक्ष डा. बृजेश कुमार जाटव द्वारा जारी की गयी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि शहर के मुहल्ला लहारिया पुरवा उरई निवासी मनोज दिवाकर पूर्व पदाधिकारी को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त एवं पार्टी में अनुशासन हीनता अपने के कारण इनको बहुजन समाज पार्टी से निष्कासित किया जाता है। बसपा जिलाध्यक्ष डा.बृजेश कुमार जाटव ने बताया कि पार्टी जिला यूनिट द्वारा मनोज दिवाकर पार्टी संगठन से निष्कासित किया जाता है। उन्होंने बताया कि उनको पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कई बार चेतावनी भी दी जा चुकी है इसके बाद उनके द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों को रोका नहीं जा सका।इसी कारण पार्टी व मूमेंट के हित में मनोज दिवाकर के खिलाफ यह कदम उठाया गया है।जिसका सामूहिक निर्णय मानवेन्द्र सिंह पटेल मुख्य मंडल प्रभारी, बृजभूषण कुशवाहा मंडल प्रभारी, धीरेन्द्र चौधरी मंडल प्रभारी, उदयवीर सिंह दोहरे जिला महासचिव के द्वारा संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया गया।

# हरीश बने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री,युवाओं ने बांटी मिठाई

( यंग भारत न्यूज )

उरई।भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी में पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर नगर में युवाओं ने आतिशबाजी चलाकर और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।



नगर के शहीद भगत सिंह चौराहे पर युवा मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री सौरभ पटेल की अगुवाई में युवा भाजपाइयों ने पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी ने राष्टीय महामंत्री बनाये जाने पर खुशी जाहिर की।और ढोल नगाड़ा बजवाते हुई मिठाई बांटी। इस मौके पर नीतेश वर्मा, प्रशांत अवस्थी, रामजी काजू कुकरगांव,अपूर्व मिश्रा,रजत दुवेदी,भूपेंद्र,कमल निरंजन,अर्पित निरंजन,अंकित तिवारी,लोकेंद्र,रानू,विकास दुबे,पंकज मुंशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पीआरडी जवानों को मिला कैशलेस चिकित्सा योजना का उपहार

**- विकास भवन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं पीआरडी जवानों ने देखा मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण**

**-- पीआरडी जवानों की सेवाएं सराहनीय, सरकार उनके हितों के लिए निरंतर कर रही कार्य–विधायक मूलचंद निरंजन**




**( यंग भारत न्यूज )**

**उरई ( जालौन )।** महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन धरा गोरखपुर में आयोजित प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जवानों के सम्मेलन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ के ग्राम एटर पश्चिम, सरोजनी नगर में 23 करोड़ की लागत से बनने वाली बहुमंजिला पीआरडी बैरक का शिलान्यास किया तथा पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि आरपी निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, सदर विधायक प्रतिनिधि रविन्द्र प्रताप सिंह, कालपी विधायक प्रतिनिधि आशुतोष चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पीआरडी जवानों एवं अधिकारियों ने देखा और मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना।

माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि प्रांतीय रक्षक दल के जवान शासन–प्रशासन की व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विषम परिस्थितियों में भी पीआरडी जवान पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा जवानों के हित में उठाए जा रहे कदम उनके मनोबल को बढ़ाने वाले हैं। कैशलेस चिकित्सा योजना से पीआरडी जवानों एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि पीआरडी जवान कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई कैशलेस चिकित्सा योजना से जवानों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि जनपद में पीआरडी जवानों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने पीआरडी जवानों के कार्यालय के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि कार्यालय भवन के निर्माण की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा सके। विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने कहा कि पीआरडी कार्यालय के लिए भूमि चिन्हित होते ही कार्यालय भवन निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों के लिए बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध कराना उनकी सुविधाओं और कार्यक्षमता को और मजबूत करेगा। जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने कहा कि पीआरडी जवानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक बड़े हॉल के निर्माण के लिए जल शक्ति मंत्री की निधि से धनराशि उपलब्ध कराकर निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जवानों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं विकसित करने में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, जिला विकास अधिकारी प्रशांत पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पीआरडी जवान उपस्थित रहे। पीआरडी जवानों ने मुख्यमंत्री द्वारा उनके हित में की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं एवं योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

# सीओ ने उप निरीक्षकों एवं हल्का इंचार्जो चौकी प्रभारियो की अपराध समीक्षा बैठक मे जमकर पेच कसे



**( यंग भारत न्यूज )**

कालपी जालौन 18 अगस्त। पुलिस उपाधीक्षक ने कोतवाली कालपी मे अपराध समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश। सोमवार की शाम कोतवाली कालपी अतिथि गृह में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक पर सीओ राजेश कमल ने प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी की उपस्थिति में हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक चौकी प्रभारियो आदि लोगों के पास लंबित विवेचनाओं के बारे में बिंदुवार निरीक्षण किया ज्यादा विवेचना लंबित पाए जाने पर उनका पारा आसमान में चढ़ा वहीं मौजूद लोगों को फटकार लगाकर समय से लंबित विवेचनाओं का निस्तारण कर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजना सुनिश्चित करें साथ में उन्होंने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि जिसके हल्का एवं क्षेत्र में अपराध घटित हुआ बह स्वयं जिम्मेदार होंगे उन्होंने आइजीआरएस तहसील दिवस समाधान दिवस अधिकारियों के द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र आदि के बारे में बिंदु बार जानकारी हासिल की तथा समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने मौजूद प्रभारी निरीक्षक को सख्त हिदायत दी कि समय से रात में पुलिस जवानों को प्वाइंटों में भेजें जहां भी जरूरत हो पुलिस बल रात में बढ़ाकर नगर में भ्रमण कर कोई भी रात में अप्रिय घटना न हो सके उन्होंने कहा कि जो मेरे द्वारा निर्देश दिए गए हैं उन निर्देशों का सभी लोग साक्षरता से पालन कर अपनी अपनी जिम्मेदारी में खरे उतरने के निर्देश दिए बैठक में मौजूद वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र रामगंज चौकी प्रभारी दिलीप मिश्रा ज्ञान भारती छौक चौकी प्रभारी विपिन यादव उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया उप निरीक्षक उपेंद्र शुक्ला उप निरीक्षक दयाशंकर सिंह यादव उप निरीक्षक बलवंत सिंह उप निरीक्षक शीलेश कुमार उप निरीक्षक जगन्नाथ उप निरीक्षक इंद्रमणि चौधरी उप निरीक्षक बृजनंदन सिंह उप निरीक्षक रामजीलाल दीवान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेंद्र सिंह विनीता मुंशी वीरेंद्र प्रधान लेखाकार राम सिंह कंप्यूटर माहिर अंकित वर्मा दीपेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**( यंग भारत न्यूज )**

कोंच ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर 26 अगस्त बुधवार को निकलने वाले जुलूस–ए–मोहम्मदी को लेकर तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जुलूस के दौरान आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए सोसायटी के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार को पत्र सौंपकर विभिन्न व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की।सोसायटी की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया कि 26 अगस्त को नगर में अजीमुश्शान जुलूस–ए–मोहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस के निर्धारित मार्ग पर कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे और झूलते हुए हैं, जिससे जुलूस के दौरान परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पदाधिकारियों ने संबंधित विभाग से इन तारों को व्यवस्थित कराने की मांग की है।इसके अलावा बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटवाने, जुलूस मार्ग में मौजूद गड्ढों को भरवाने तथा मार्ग की साफ–सफाई कराने की मांग भी की गई है। सोसायटी ने जुलूस के दौरान पर्याप्त बिजली और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी अपील की, ताकि जुलूस में शामिल लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो पदाधिकारियों ने प्रशासन से जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जुलूस शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो इसके लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय जरूरी है।इस दौरान तंजीम के प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, जुलूस के सदर एवं सभासद शमशुद्दीन मंसूरी, हाजी सेठ नासिर, अशफाक गौरी, काजी फहीम उद्दीन, शकील अहमद, सैफुल्ला खां बंटी आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला ने लगाया पति की हत्या का आरोप,पुलिस से की निष्पक्ष जांच की मांग

**( यंग भारत न्यूज )**



कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुँवरपुरा निवासी महिला ने अपने पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महिला ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही अपने और बच्चों की सुरक्षा की भी मांग की है।सुनैना पत्नी कोतवाल जाटव ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि 2 अगस्त 2026 की रात करीब 10 बजे से एक बजे के बीच उसके पति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की और गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। महिला के अनुसार घटना के समय वह अपने मायके में थी।महिला का आरोप है कि घटना के बाद उसके ससुर ने फोन कर पति की हत्या किए जाने और शव जलाए जाने की जानकारी दी। 3 अगस्त को गांव पहुंचने पर महिला ने पति के गले और शरीर पर चोट के साथ नीले निशान देखे। उसका आरोप है कि उसे पूरा शव देखने नहीं दिया गया। पोस्टमार्टम कराने की बात कहने पर उसे कमरे में बंद कर दिया गया।महिला ने तहरीर में संपत्ति हड़पने तथा उसे और बच्चों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। उसने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई, घटना से जुड़े साक्ष्यों की जांच और परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**( यंग भारत न्यूज )**



**उरई ।** मेडिकल कॉलेज में पैर के ऑपरेशन के बाद एक मरीज की मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

परिजनों के मुताबिक संताराम के पैर में छड़ डाली गई थी। ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने उन्हें कुछ समय घर पर आराम करने की सलाह देकर छुट्टी दे दी थी। परिजनों ने बताया कि 17 अगस्त को पैर में पड़ी छड़ निकलवाने के लिए संताराम को दोबारा मेडिकल कॉलेज लाया गया था, लेकिन चिकित्सक छड़ नहीं निकाल सके। इसके बाद पैर में दोबारा पट्टी कर उन्हें घर भेज दिया गया। परिजनों का आरोप है कि देर रात अचानक संताराम की तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर वे उन्हें लेकर फिर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मृतक के बेटे आलोक सिंह का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी चिकित्सकों ने उनके पिता का समुचित उपचार नहीं किया। उनका यह भी आरोप है कि इंजेक्शन लगाए जाने के बाद संताराम की हालत और बिगड़ गई तथा कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उन्होंने चिकित्सकों से इलाज के लिए काफी गुहार लगाई, लेकिन उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। विरोध करने पर डॉक्टरों के मौके से चले जाने का भी आरोप लगाया गया है। मरीज की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मेडिकल कॉलेज प्रशासन का पक्ष सामने नहीं आया है। जांच के बाद ही मरीज की मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बिजली संकट से जूझ रहे आराजीलेन वासियो ने एसडीएम से लगाई विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की गुहार

**( यंग भारत न्यूज )**



कोंच नगर के आराजीलेन मुहल्ले में पिछले कुछ समय से विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर मुहल्ले की महिलाओं ने उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार को शिकायती पत्र देकर जल्द विद्युत आपूर्ती बहाल कराने की मांग की है।

शिकायती पत्र में महिलाओं ने बताया कि उनके नाम विद्युत कनेक्शन होने के बावजूद मुहल्ले में पिछले कई दिनों से बिजली का संचालन नहीं हो रहा है। इस संबंध में विद्युत विभाग के कर्मचारियों से मौखिक शिकायत करने के बाद 11 अगस्त 2026 को लिखित शिकायत भी दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।महिलाओं के अनुसार बिजली न होने से रात के समय पूरा मुहल्ला अंधेरे में रहता है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। अंधेरे के कारण जहरीले जीव–जंतुओं के निकलने का खतरा भी बना रहता है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि हाल ही में रात के समय एक जहरीले जीव के काटने से एक व्यक्ति की मौत होने की घटना भी सामने आई। मुहल्ले की निवासी भाया, मताली, शीला, सावित्री और मीना ने एसडीएम से मामले का संज्ञान लेकर तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

# अर्ध विक्षिप्त युवक के लापता होने पर गुमशुदी रिपोर्ट दर्ज

**( यंग भारत न्यूज )**

कालपी जालौन 18 अगस्त। नगर में एक महीना पहले 25 वर्षीय अर्ध विक्षिप्त युवक घर से लापता होने की घटना पर पीड़ित पिता की तहरीर पर कालपी पुलिस ने गुमशुदी रिपोर्ट दर्ज कर महमूदपुर चौकी प्रभारी दिलीप मिश्रा को जांच सौंपी।

मोहल्ला अदल सराय निवासी पीड़ित कलम पुत्र उस्मान ने कोतवाली कालपी में गुमशुदी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि एक महीना पूर्व से घर से मेरा पुत्र चला गया था जो मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त था इस वजह से मेरा पुत्र शाही आलम लापता हो गया था जिसकी खोज भी कई जगह की फिर भी लापता पुत्र नहीं मिल सका पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक से मांग की है कि लापता पुत्र को खोज कर शीघ्र उपलब्ध कराये जाने हेतु न्याय की गुहार लगायी।

# सड़क दुर्घटना में दो किशोर घायल

**( यंग भारत न्यूज )**

कालपी जालौन 18 अगस्त। 12 वर्षीय वासिद पुत्र हमीद निवासी राम चबूतरा 10 वर्षीय प्रशांत पुत्र राम किशोर निवासी शाहजहांपुर समेत दोनों लोग सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में घायल हुए घटना की सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने अलग–अलग जगह से अपने घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख ने घायलों की अलग–अलग समय में जांच की जांच के उपरांत स्वास्थ्य टीम को लगाकर इलाज शुरू किया।

# भाभी की मारपीट पर तीन हमलावर देवरों पर मुकदमा दर्ज

**( यंग भारत न्यूज )**

कालपी जालौन 18 अगस्त। बीते दिन खेत से महिला को उठाकर घर पर मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित भांजा की तहरीर पर कालपी पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ जुर्म धारा 127(2) 110 115 352 351(2) के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना उप निरीक्षक रामजीलाल को जांच सौंपी। ग्राम मदारपुर निवासी पीड़ित राजा बाबू पुत्र कैलाश ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि निवासी गुढाखास रेनू मामी सोमवार के दिन 17 अगस्त को उक्त ग्राम के मौजा खेत में गई थी कुछ समय उपरांत ससुराल जनों में राम सजीवन नरेंद्र रामकृष्ण पुत्र गण राधे समेत तीनों लोगों ने लगभग 11 बजे खेत में आकर मेरी मामी रेनू को खेत से जबरन बंधक बनाकर उठाकर घर के अंदर कमरे में बंद कर गाली गलौज तथा लाठी डंडों से मारपीट की घायल अवस्था में उठाकर गुढा खास सड़क में फेंक कर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़े हुए घटना की मुझे जब जानकारी हुई तभी मैं सीएचसी कालपी पहुंचा उसी समय मेरी मामी का इलाज चल रहा था मौजूद चिकित्सा अधिकारी ने घायल महिला की स्थिति खराब होने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया।

# मेरा रेशम मेरा अभिमान 2.0' के तहत हितधारक परामर्श कार्यक्रम आयोजित

**( यंग भारत न्यूज )**



कालपी–उरई । मंगलवार को केंद्रीय रेशम बोर्ड के तत्वावधान में 'मेरा रेशम मेरा अभिमान 2.0' अभियान के अंतर्गत तहसील कालपी के ग्राम पंचायत सचिवालय शेखपुर गुढ़ा में हितधारक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेशम कृषकों सहित 50 से अधिक हितधारकों ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने रेशम उत्पादन से जुड़ी वैज्ञानिक तकनीकों और संभावनाओं की जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामबाबू निषाद ने की। इस दौरान केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक–डी डॉ. हसनसाब नद्दाफ, रेशम विकास अधिकारी मनोज कुमार पटेल तथा केंद्रीय रेशम बोर्ड के सहायक मुकेश कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। वैज्ञानिक–डी डॉ. हसनसाब नद्दाफ ने प्रतिभागियों को 'मेरा रेशम मेरा अभिमान 2.0' के ढांचे, उद्देश्यों, कार्यान्वयन रणनीति तथा विभिन्न हितधारकों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिला स्तर पर रेशम क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हितधारकों की सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए वैज्ञानिक तकनीकों को प्रयोगशाला से खेत तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। ग्राम प्रधान रामबाबू निषाद ने हितधारकों से जिला रेशम विकास योजना तैयार करने में अपने अनुभव, सुझाव एवं सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेशम पालन ऐसी महत्वपूर्ण गतिविधि है, जिसमें वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर कम अवधि में बेहतर आय अर्जित करने की संभावनाएं मौजूद हैं। हितधारकों की सहभागिता से आयोजित इस परामर्श कार्यक्रम को जालौन जिले के बेसलाइन सर्वेक्षण तथा सहभागी जिला रेशम विकास योजना तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

# 'तुम अगर मेरी नहीं हो सकती, तो किसी और की भी नहीं...' सनकी आशिक ने बस स्टैंड पर युवती पर बरसाए वार; दर्दनाक मौत से दहल उठा कर्नाटक

( यंग भारत न्यूज )

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ (मंगलुरु) जिले के बंटवाल से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 21 वर्षीय युवती लावण्या की दिनदहाड़ेचस्त्रक्ष्ष्ठ बस स्टैंड पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी चेतन, जो युवती का दूर का रिश्तेदार था, उस पर एकतरफा प्रेम और लगातार पीछा करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, युवती ने उसके प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया था और इसी के चलते उसने कथित तौर पर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार घटना बंटवाल के बीसी रोड स्थितचस्त्रक्ष्ष्ठ बस स्टैंड पर हुई। लावण्या काम खत्म कर घर लौटने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान आरोपी चेतन वहां पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसने अपने बैग से धारदार हथियार निकाला और युवती पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल लावण्या को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। जांच में सामने आया कि आरोपी चेतन और लावण्या दूर के रिश्तेदार थे। पुलिस का कहना है कि चेतन काफी समय से युवती का पीछा कर रहा था और उससे संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि युवती ने उसके प्रस्तावों को ठुकरा दिया था। पुलिस फिलहाल इसी पहलू को हत्या का संभावित कारण मानकर जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर कुछ पोस्टों में दावा किया जा रहा है कि दोनों चार साल तक प्रेम संबंध में थे, बाद में ब्रेकअप हुआ और इसी वजह से हत्या हुई। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस की ओर से अब तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जांच में एकतरफा प्रेम, पीछा करने और युवती द्वारा आरोपी को अस्वीकार किए जाने के पहलुओं की जांच की जा रही है। इसलिए सोशल मीडिया पर चल रहे अन्य दावों को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। दक्षिण कन्नड़ पुलिस ने विशेष टीम गठित कर उसकी तलाश शुरू की। बाद में पुलिस ने चेतन को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है और हत्या में इस्तेमाल हथियार सहित अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले बस स्टैंड पर हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। सोशल मीडिया पर भी लोग घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जता रहे हैं। कई लोगों ने ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और त्वरित न्याय की मांग की है। महिला सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी रिश्ते में अस्वीकार को स्वीकार करना सामाजिक परिपक्वता का हिस्सा है। किसी महिला द्वारा संबंध समाप्त करना या प्रस्ताव ठुकराना किसी भी प्रकार की हिंसा का औचित्य नहीं बन सकता। ऐसे मामलों में समय रहते शिकायतों पर कार्रवाई और पीछा करने की घटनाओं को गंभीरता से लेना बेहद जरूरी है। कर्नाटक के बंटवाल में 21 वर्षीय लावण्या की हत्या ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी चेतन पर युवती की हत्या का आरोप है और मामले की जांच जारी है। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कई दावों, जैसे लंबे प्रेम संबंध और ब्रेकअप की कहानी, की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही सभी तथ्यों की स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।




# महंत राजू दास ने कहा; जरूरत पड़ी तो काशी और मथुरा में भी होगी कार सेवा, अखिलेश यादव के लिए कही ऐसी बात

( यंग भारत न्यूज )

**चंदौली :** मुगलसराय स्थित मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक का सोमवार को अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास ने फीता काटकर उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने क्लीनिक के चिकित्सकों डॉ. गौतम त्रिपाठी और डॉ. यशी त्रिपाठी को क्षेत्रवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शुभकामनाएं दींमीडिया से बातचीत के दौरान महंत राजूदास ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता आम लोगों के लिए महत्वपूर्ण है. राजू दास ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े विवादों के समाधान के लिए साक्ष्यों और न्यायिक प्राक्रिया का सहारा लिया जाना चाहिए. उन्होंने जरूरत पड़ने पर मथरा और काशी में कार सेवा किए जाने की बात भी कही.



इसके बाद उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि और काशी के ज्ञानवापी परिसर से जुड़े मुद्दे पर भी अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब मथुरा और काशी में भी भव्य मंदिर निर्माण होना चाहिए. अयोध्या राम मंदिर में पुजारियों के लिए डेस कोड लागू किए जाने को उन्होंने अच्छी पहल बताई. उन्होंने कहा कि जिस तरह साधु-संतों की पहचान उनके तिलक और वेशभूषा से होती है, उसी तरह मंदिर के पुजारियों के लिए निर्धारित ड्रेस होने से श्रद्धालूओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा.काशी विश्वनाथ मंदिर से जुड़े मुद्दे पर राजू दास ने कहा कि यह आस्था का विषय है. इसे राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए. मथुरा और वाराणसी से जुड़े मामले न्यायालय में हैं. इसलिए आगे जो भी निर्णय होगा, वह न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से ही होना चाहिए, लेकिन जरूरत पड़ी कारसेवा को भी हम तैयार हैं.राम मंदिर को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के कथित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए महंत राजूदास ने राजनीतिक दलों से धार्मिक विषयों पर संयम बरतने की अपील की. उन्होंने कहा कि धर्म और आस्था से जुड़े मामलों पर राजनीतिक बयानबाजी उचित नहीं है. हालांकि उन्होंने राजनीतिक तंज किया कि इस बार 40 सीटें भी नहीं मिलेंगी.

# तीन तलाक के बाद बरेली की जमीला ने अपनाया सनातन धर्म, बनी 'ज्योति देवी'; प्रकाश संग लिए सात फेरे

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के बरेली जिले में झारखंड के बोकारो की रहने वाली 18 वर्षीय जमीला खातून ने सनातन धर्म अपनाने के बाद अपना नाम ज्योति देवी रख लिया है. जमीला का दावा है कि भगवान शिव की पूजा करने को लेकर उसके पहले शौहर और ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की.



इसके बाद शौहर ने उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया. बेसहारा होने के बाद जमीला ने अपने परिचित प्रकाश रविदास का हाथ थामा और दोनों झारखंड से बरेली पहुंचे. यहां अगस्त्य मुनि आश्रम में वैदिक रीति-रिवाज से दोनों का विवाह कराया गया. दरअसल, जमीला खातून बोकारो जिले के लोधी नीच टोला, कुर्कनालो की रहने वाली है. उसके पिता का नाम आबिद अंसारी बताया गया है. जमीला के अनुसार, उसे भगवान शिव में पहले से ही आस्था थी और वह चुपचाप भगवान शंकर की पूजा करती थी. जब उसके पहले शौहर और ससुराल वालों को इसकी जानकारी हुई तो कथित तौर पर उन्होंने पूजा-पाठ बंद करने का दबाव बनाया. जमीला का आरोप है कि उसने पूजा करना छोड़ने से इनकार किया तो उसके साथ मारपीट की गई. बाद में शौहर ने उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया. जमीला का आरोप है कि इस मुश्किल समय में हजारीबाग जिले के चानो, ऊंचाघना निवासी 22 वर्षीय प्रकाश रविदास ने उसका साथ दिया. प्रकाश जगदेव रविदास का बेटा है. दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और धीरे-धीरे उनका रिश्ता प्रेम में बदल गया. इसके बाद दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने का फैसला लिया. जमीला ने बताया कि स्थानीय स्तर पर विरोध और परिवार की अड़चनों की आशंका को देखते हुए दोनों झारखंड से बरेली पहुंचे. यहां उन्होंने अगस्त्य मुनि आश्रम के आचार्य के. के. शंखधार से संपर्क किया. आश्रम में दोनों की पहचान और उम्र से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई. आश्रम में आचार्य के. के. शंखधार ने जमीला का सनातन परंपरा के अनुसार शुद्धिकरण कराया. जानकारी के मुताबिक, गंगाजल और गोमूत्र का आचमन कराने के बाद जमीला से तीन बार संकल्प कराया गया. इसके बाद गायत्री मंत्र का जाप कराया गया और उसे सनातन धर्म की दीक्षा दी गई. धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया के बाद उसका नया नाम ज्योति देवी रखा गया. इसके बाद प्रकाश और ज्योति का विवाह वैदिक रीति से कराया गया. अग्नि को साक्षी मानकर दोनों ने मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए और एक-दूसरे के साथ जीवनभर रहने का संकल्प लिया. विवाह के बाद ज्योति ने कहा कि उसने बिना किसी दबाव, लालच या किसी तरह के प्रलोभन के अपनी इच्छा से सनातन धर्म अपनाया है. उसका कहना है कि वह भगवान भोलेनाथ में आस्था रखती है और सनातन धर्म में महिलाओं को सम्मान मिलता है. ज्योति ने बुर्के में घुटन महसूस होने की बात भी कही.

# हाथ लगाया तो मर्डर करा दूंगी; सुहागरात पर दुल्हन ने धमकाया, डरे-सहमे दूल्हे ने प्रेमी के साथ भेजा..

( यंग भारत न्यूज )

हापुड़ से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां शादी के बाद सुहागरात पर दुल्हन ने दुल्हे को धमकी दे डाली कि अगर हाथ लगाया तो हत्या करा देगी। उधर, डरे सहमे पति ने दुल्हन के आशिक को बुलाया और उसके साथ भेज दिया। ये मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मामला मशहूर फिल्म हम दिल दे चुके सनम की कहानी से थोड़ा मिलता जुलता है। हापुड़ निवासी एक युवक की शादी हाल ही में मेरठ निवासी युवती से हुई। सुहागरात पर ही नवविवाहिता ने कह दिया कि वह किसी और की अमानत है, अगर हाथ लगाया तो हत्या करा दूंगी। यह सुनते ही पति हैरान रह गया। नवविवाहिता के परिजनों को इस बारे में बताया तो उन्होंने भी कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं की। आखिरकार शादी के तीन दिन बाद पति ने युवती के प्रेमी को बुलाया और उसे युवती को सौंप दिया। शुक्रवार को युवक और उसका पिता महिला थाने पहुंचे और पूरा वाकया बताते हुए भविष्य में उनके साथ कोई घटना न हो इसे लेकर गुहार लगाई।



महिला थाने में शुक्रवार को पहुंचे युवक के पिता ने बताया कि मेरठ के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी, उनके बेटे से 25 जून 2026 को हुई थी। महिला थाने में दिए शिकायती पत्र में युवती के पति ने बताया कि सुहागरात में ही दुल्हन ने उससे कह दिया कि वह किसी और की अमानत है और उस पर सिर्फ उसी का हक है। इसके बाद से वह लगातार फोन पर किसी से पूरे परिवार के सामने बात करती थी। नवविवाहिता ने धमकी दी कि अगर उसको हाथ लगाया तो वह हत्या करा देगी। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि इस बारे में जब युवती के परिजनों को फोन पर बताया तो उन्होंने कह दिया कि हमारी बेटी को यहां छोड़ जाओ। युवक पक्ष के लोगों ने इस तरह भेजने से मना कर दिया। युवक ने बताया कि 25 जून को शादी हुई और 28 जून को उसने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ भेज दिया। इस मामले में महिला थाना प्रभारी अरुणा राय ने बताया कि युवती किसी अन्य युवक से प्रेम करती थी, जबकि परिजनों ने शादी हापुड़ में करा दी। भविष्य में कोई घटना न हो, इसके लिए युवक ने थाने पहुंचकर सूचना दी। युवती अपने प्रेमी के साथ चली गई है। दोनों पक्षों का मामला शांति से निपट गया है।

# जिन लोगों ने की दारोगा की हत्या की कोशिश, खुद को बताते थे अतीक के रिश्तेदार, लखनऊ में बड़ा बवाल

( यंग भारत न्यूज )





उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम टीम और पुलिस पर हुए जानलेवा हमले के मामले में नगर निगम से तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने 15 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है.

जिनमें 14 नामजद हैं, 10-12 अज्ञात हैं. वहीं पुलिस ने दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया है. मामला बादल खेड़ा, बुद्धेश्वर इलाके में नगर निगम टीम पर हमले और सरकारी कार्य में बाधा से जुड़ा है. एफआईआर में हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट, धमकी समेत कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं. आरोप है कि अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम टीम पर स्थानीय लोगों ने पथराव किया. लखनऊ के पारा इलाके में पुलिस अधिकारी की हत्या करने के प्रयास मामले समेत पुलिस टीम और नगर निगम की टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस लगातार जांच कर रही है.हमलावर माफिया अतीक के रिश्तेदार हैं ? पुलिस टीम के रडार पर गद्दी समाज के लोग हैं, जिन्होंने पुलिस और नगर निगम की टीम पर जानलेवा हमला किया. सूत्र बताते हैं की इलाके में हमला करने वाले लोग अपने आप को मृतक माफिया अतीक अहमद का रिश्तेदार बताते थे और इलाके में अपना दबदबा बना रहे थे. फिलहाल, सभी फरार चल रहे हैं. पुलिस का दावा है कि जल्द सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे. हो सकता है आने वाले दिनों में इलाके के एसडीएम आरोपियों के प्रॉपर्टी के कागजात चेक करे और अनियमितता मिली तो प्रशासन नोटिस चस्पा करने के बाद बुलडोजर कार्रवाई कर सकती है. घटना में पुलिसकर्मी और नगर निगम कर्मचारियों के घायल होने की बात एफआईआर में दर्ज है. पुलिस ने मौके से एक लोहे की जंजीर बरामद कर साक्ष्य के रूप में सुरक्षित किया. पारा पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. बता दें कि बीते सोमवार को अवैध डेयरी हटाने पहुंची नगर निगम और पुलिस टीम से मारपीट और पथराव किया गया. इस दौरान गला दबाकर दरोगा की हत्या करने का प्रयास किया गया. दारोगा पर लोहे की जंजीर से हमला किया गया, जिससे उनका सिर फट गया. हाथापाई, मारपीट के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. अवैध डेयरी हटाने गई नगर निगम और पुलिस की टी रविवार शाम पारा इलाके में पहुंची थी, पशुपालकों ने नगर निगम, पुलिस की टीम के साथ बदसलूकी की. इस दौरान बुद्धेश्वर चौकी इंचार्ज विनय पटेल का सिर फट गया. वहीं नगर निगम के कर्मचारियों से भी मारपीट की गई.

# लखनऊ में पंचायत सचिव ले रहा था दूसरी औरत के साथ मजे, बीवी पहुंची मौके पर तो.

( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ में गुडंबा थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ फ्लैट में पकड़ लिया। पति को महिला के साथ देखकर पत्नी का गुस्सा फूट पड़ा और देखते ही देखते फ्लैट के बाहर जमकर हंगामा शुरू हो गया।

इस दौरान पत्नी ने प्रेमिका के साथ मारपीट की और पति को भी जूते से पीट दिया। घटना का वीडियो अब सामने आया है। पूरा मामला लखनऊ के गुडंबा इलाके का है। माल विकासखंड की एक ग्राम पंचायत में सचिव पद पर तैनात अल्सफ बेग कुर्सी रोड स्थित सुलभ आवास के एक फ्लैट में मौजूद थे। उनकी पत्नी सबा को जानकारी मिली कि पति एक महिला के साथ फ्लैट में है। इसके बाद सबा मौके पर पहुंच गई। वहां पति को दूसरी महिला के साथ देखकर उन्होंने विरोध किया। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और फिर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि गुस्से में पत्नी ने महिला को थप्पड़ मारे और पति की भी पिटाई कर दी। हंगामे की सूचना मिलने के बाद यूपी-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को गुडंबा थाने ले गई। गुडंबा इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पत्नी को सूचना मिली थी कि उसका पति एक फ्लैट में मौजूद है। मौके पर पहुंचने के बाद पति एक महिला के साथ मिला, जिसके बाद विवाद हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और मामले को शांत कराया। पत्नी की शिकायत के बाद पति-पत्नी के विवाद को मेडिएशन के लिए भेजा गया है। वहीं पंचायत सचिव अल्सफ बेग के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# दोस्त की पत्नी से किया सेक्स और बना लिया वीडियो, फिर करने लगा ब्लैकमेल, पति पत्नी ने मिलकर कर दिया इतना बड़ा कांड

( यंग भारत न्यूज )

छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में एक युवक ने अपने दोस्त की पत्नी के साथ संबध बनाए और इसका वीडियो बना लिया। बाद में फुटेज वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा।

इससे परेशान होकर पति-पत्नी ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। मामला चिल्फी थाना क्षेत्र का है। दोनों ने युवक को अपने घर बुलाया, फिर दूध में नींद की दवा मिला दी। बेहोश होने के बाद आरोपियों ने गमछे से उसका गला घोंट दिया और शव को ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल पति-पत्नी और अरुण पटेल (24) तीनों काम के सिलसिले में महाराष्ट्र गए थे और एक ही कमरे में रहते थे। इसी दौरान अरुण और महिला के बीच संबंध बने थे। जानकारी के मुताबिक करीब तीन साल पहले अरुण पटेल (24), मुकेश पटेल (34) और उसकी पत्नी महाराष्ट्र में मजदूरी करने गए थे। तीनों एक ही कमरे में रहते थे। इसी दौरान अरुण और मुकेश की पत्नी के बीच शारीरिक संबंध बने। पुलिस के मुताबिक, शारीरिक संबंध के दौरान अरुण ने मनीषा के मोबाइल से वीडियो बना लिया था। इसके बाद इसी वीडियो को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। गांव लौटने के बाद अरुण कथित तौर पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मुकेश की पत्नी को ब्लैकमेल करने लगा। परेशान मुकेश की पत्नी ने इसकी जानकारी अपने पति मुकेश को दी। आरोप है कि दोनों ने अरुण को समझाने की कोशिश की, लेकिन उसकी धमकियां जारी रहीं। इसके बाद पति-पत्नी ने मिलकर अरुण की हत्या की साजिश रची। प्लानिंग के तहत दंपती ने 30 जुलाई की रात अरुण को घर बुलाया। इसके बाद उन्होंने दूध में नींद की दवा मिलाकर उसे पिला दी। दूध पीने के बाद जब अरुण बेहोश हो गया, तब मुकेश और मनीषा ने गमछे से उसका गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद दोनों ने शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की। वारदात के बाद दंपती ने अरुण के शव को रामचंद्र पटेल के घर के पास सड़क किनारे फेंक दिया। इसके बाद उसका मोबाइल और हत्या में इस्तेमाल किया गया गमछा मनियारी नदी में फेंक दिया। अगले दिन अरुण का शव मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों और मिले साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की। जांच का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस ने मिले इनपुट के आधार पर मुकेश पटेल और उसकी पत्नी को हिरासत में लिया। पूछताछ में दंपती ने जुर्म कबूला किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ [illegible] की धारा 103, 238(ए) और 3(5) के तहत केस दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया। 17 अगस्त को पुलिस ने दंपती को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है





## कोको गॉफ ने दर्ज की सीजन की 10वीं जीत

सिनसिनाटी। चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी कोको गॉफ ने सिनसिनाटी ओपन के तीसरे राउंड में अपनी जगह बना ली है। उन्होंने एक सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 2-6, 6-4, 6-1 से हराया। यह इस सीजन उनकी 10वीं ऐसी जीत थी, जिसमें उन्होंने एक सेट हारने के बाद वापसी करते हुए तीन सेटों में जीत हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने 2026 में टूर पर ऐसी सबसे ज्यादा जीत के मामले में अपने ही देश की खिलाड़ी जेसिका पेगुला की बराबरी कर ली। सैमसोनोवा के पहला सेट 6-2 से जीतने के बाद गॉफ ने दूसरे सेट के 10वें गेम में एक अहम ब्रेक हासिल किया और मैच को निर्णायक सेट तक ले गईं। कोको ने तीसरे सेट में दबदबा बनाए रखा और आखिरी पांच गेम जीतकर 2 घंटे 6 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। यह जीत 2026 में हार्ड कोर्ट पर गॉफ की 20वीं जीत है।



## 1 घंटे 52 मिनट में जीती सबालेंका

दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मौसम की वजह से हुई थकान से जूझते हुए 1 घंटे 52 मिनट में 6-2, 7-5 (2) से जीत हासिल की और तीसरे राउंड में जगह बनाई। यह टूर लेवल पर उनकी लगातार 24वीं ओपनिंग मैच जीत रही। सबालेंका का अगला मुकाबला डब्ल्यूटीए स्तर पर दूसरी बार वांग शिन्यू से होगा। हेड-टू-हेड में वह 1-0 से आगे हैं। सबालेंका और वांग शिन्यू की एकमात्र भिड़ंत ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 में हुई थी, जहां सबालेंका ने एक सेट हारने के बाद वापसी करते हुए तीन सेटों में जीत हासिल की थी।



## इगा की टूर्नामेंट में लगातार सातवीं जीत

इगा स्वियातेक ने लिंडनर फैमिली टेनिस सेंटर में कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-3, 6-0 से हराकर सिनसिनाटी ओपन में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही स्वियातेक ने इस सीजन में डब्ल्यूटीए टूर पर अपना 30वां मेन-ड्रॉ मैच जीता। अब उन्होंने अपने करियर में डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर 41 बार 6-0 से सेट जीते हैं। 1990 के बाद से सिर्फ मार्टिना हिंगिस (52) और सेरेना विलियम्स (50) ने ही उनसे ज्यादा बार ऐसा किया है।

### खबर संक्षेप



#### एलईटी रैंकिंग में एक स्थान नीचे खिसकी दीक्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर इस सप्ताह वीपी बैंक स्विस लेडीज ओपन में कट से चूकने के बाद एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष 10 से बाहर हो गई। एक समय शीर्ष छह में जगह बनाने वाली दीक्षा इस सप्ताह के शुरू में दसवें नंबर पर थी लेकिन अब वह 11वें स्थान पर खिसक गई हैं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स 46वें, अवनी प्रशांत 53वें, अदिति अशोक 55वें, हिताशी बख्शी 133वें, त्वेसा मलिक 117वें और वाणी कपूर 181वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की कैसेंड्रा अलेक्जेंडर 1,899.98 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई हैं।

#### डब्ल्यूसीएल खेलेंगे वार्नर डिविलियर्स और युवराज



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर, युवराज सिंह, ड्वेन ब्रावो और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज खिलाड़ी 3 अक्टूबर से शुरू होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के तीसरे सत्र में खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 3 से 18 अक्टूबर तक खेला जाएगा, हालांकि अभी तक आयोजन स्थल की घोषणा नहीं की गई है। डब्ल्यूसीएल के पहले सत्र में इंडियन चैंपियन ने पाकिस्तान चैंपियन को हराया था। दूसरे सत्र में साउथ अफ्रीका चैंपियन ने पाकिस्तान चैंपियन को हराकर खिताब जीता था। आयोजकों ने कहा, 'डब्ल्यूसीएल के तीसरे सत्र में कुछ बड़े खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है। इन खिलाड़ियों में युवराज सिंह, एबी डिविलियर्स, ड्वेन ब्रावो, शाहिद अफरीदी, मोईन अली, डेविड वार्नर और महमूदुल्लाह रियाद भी शामिल हैं।'

#### आयरलैंड के खिलाफ चार्ली को इंग्लैंड टीम की कमान



**लंदन।** सितंबर में आयरलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज के लिए चार्ली डीन को इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कमान सौंपी गई है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध हालिया सीरीज में टीम की कमान संभालने के बाद, ऑलराउंडर को एक बार फिर यह जिम्मा संभालने का मौका मिला है। दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 1 सितंबर को लीसेस्टर में खेला जाएगा, जिसके बाद सीरीज का दूसरा मैच 3 सितंबर को डर्बी में होगा। 6 सितंबर को वॉर्सेस्टर में खेले जाने वाले मुकाबले के साथ इस सीरीज का समापन होगा।

**पहला टेस्ट : सुथार ने 76 रन देकर 4 और जडेजा ने 57 रन देकर झटके 3 विकेट**

# श्रीलंका 284 रन पर ढेर, भारत के पास मजबूत बढ़त, सुथार और जडेजा ने चटकाए सात विकेट

गॉल

सोनल दिनुशा की शानदार शतकीय पारी ने भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा संघर्ष करने पर मजबूर किया लेकिन मानव सुथार की अगुवाई में गेंदबाजी इकाई ने श्रीलंका को पहली पारी में 284 रन पर समेटकर दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के तीसरे दिन सोमवार को भारत को 178 रन की मजबूत बढ़त दिला दी। बायें हाथ के स्पिनर सुथार ने 76 रन देकर 4 और अनुभवी रविंद्र जडेजा ने 57 रन देकर 3 विकेट झटके।

### सुथार ने किया श्रीलंका के शीर्ष क्रम को परेशान

भारत की धारदार गेंदबाजी के सामने श्रीलंका एक समय लंच से पहले 90 रन पर पांच विकेट गंवा कर बेहद मुश्किल में था। सुथार ने शुरुआती सत्र में श्रीलंका के शीर्ष क्रम को परेशान किया और उस समय मेजबान टीम के जल्दी सिमटने के आसार नजर आ रहे थे लेकिन अपना चौथा टेस्ट खेल रहे दिनुशा ने इस प्रारूप में पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ते हुए 168 गेंदों पर 100 रन की जुझारू पारी खेली। उन्हें टीम में लंबे समय के बाद वापसी कर रहे अनुभवी निरोशन डिकवेला (80 रन, 115 गेंद) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 216 गेंदों में 146 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की और भारतीय गेंदबाजों को लंबे समय तक सफलता से दूर रखा। इस जोड़ी ने दूसरे सत्र में बिना कोई विकेट गंवाए 116 रन जोड़े।



### डिकवेला और दिनुशा ने दिखाया संयम

*शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के विपरीत डिकवेला और दिनुशा ने तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच पर शॉट चयन में अच्छा संयम दिखाया। भारतीय स्पिनरों के खिलाफ दोनों ने स्वीप शॉट का प्रभावी इस्तेमाल किया और स्टंप की लाइन में आने वाली गेंदों को सहजता से बाउंड्री के पार भेजा। स्थानीय क्रिकेट हलकों में अपने चयन को लेकर विवादों में रहे डिकवेला ने 67 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। सुथार की गेंद पर 20 रन के निजी स्कोर पर केवल राहुल द्वारा स्लिप में जीवनदान पाने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अंतिम सत्र में एकाग्रता गंवा दी। प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर उनके बल्ले का किनारा लगा और ऋषभ पंत ने विकेट के पीछे कैच लपक लिया।*

### जडेजा ने किए अपने 350 विकेट पूरे

जडेजा ने इसके तुरंत बाद सेरासा कुमारा को विल के हाथों कैच कराकर टेस्ट में अपने 350 विकेट पूरे किए। वह टेस्ट क्रिकेट में 4000 से अधिक रन और 350 विकेट लेने वाले चौथे और महान कपिल देव के बाद भारत के सिर्फ दूसरे हरफनमौला हैं। दिनुशा ने इसके कुछ देर बाद 187 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया लेकिन अगली ही गेंद पर जडेजा ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। इससे पहले भारत ने सुबह की विकेट पर 460 रन से अपनी पहली पारी आगे बढ़ाई, लेकिन केवल चार गेंद के अंदर उसने कृष्णा के रूप में अपना आखिरी विकेट गंवा दिया। भारत ने इस बीच अपने स्कोर में दो रन जोड़े।

### भारतीय स्पिनरों ने उठाया फायदा

श्रीलंका को ठोस शुरुआत की जरूरत थी लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर ही उसे पहला झटका दे दिया। अगस्त मैच में श्रीलंका एकादश की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने वाले निशान फर्नांडो (00) सिराज की स्विंग लेकर बाहर की ओर जाती गेंद को नहीं समझ पाए और उन्होंने पहली स्लिप में खड़े देवदत्त पडिक्कल को कैच दे दिया। इससे श्रीलंका की टीम दबाव में आ गई, जिसका भारतीय स्पिनरों ने पूरा फायदा उठाया।

**सिनसिनाटी ओपन**

## फारिया ने किया बड़ा उलटफेर शेल्टन को सीधे सेटों में दी मात



सिनसिनाटी

सिनसिनाटी ओपन में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। पुर्तगाल के क्वालीफायर जैमे फारिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेन शेल्टन को शिकस्त दी।

इस जीत के साथ ही फारिया ने शेल्टन की लगातार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। फारिया ने एकतरफा मुकाबले में शेल्टन को 6-4, 6-4 से हराया। फारिया ने शेल्टन की धीमी शुरुआत का फायदा उठाया। शेल्टन पिछले हफ्ते मॉन्ट्रियल में मास्टर्स 1000 इवेंट जीतने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे थे। यह जीत फारिया के करियर की टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ पहली जीत है और इसने शेल्टन के लगातार सात मैचों की जीत का सिलसिला भी तोड़ दिया है।

### फारिया ने जीते लगातार पांच गेम

दूसरे सेट में फारिया शेल्टन से 1-4 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। शेल्टन के पास वापसी के कई मौके थे, लेकिन एटीपी स्टैट्स के अनुसार, वे फारिया के खिलाफ 12 में से सिर्फ 1 ब्रेक प्वाइंट ही भुना पाए। जीत के बाद फारिया ने कहा, यह मेरे और मेरी टीम के लिए बहुत अनूठा पल है। शानदार दर्शकों के सामने घरेलू खिलाड़ी के खिलाफ और इतनी शानदार जगह पर ऐसा करना इसे और भी खास बनाता है। अगले दौर में फारिया का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन से होगा।

**क्रिकेट**

## मैनचेस्टर सुपर ने पहली बार जीता 'द हंड्रेड' का खिताब



नई दिल्ली

मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 'द हंड्रेड' का खिताब पहली बार अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में मैनचेस्टर ने ट्रेंट रॉकेट्स को 5 विकेट से हराया।

ट्रेंट रॉकेट्स से मिले 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की शुरुआत दमदार रही। पहले विकेट के लिए टिम सीफर्ट और फिल साल्टर ने मिलकर 66 रन जोड़े। साल्टर 14 गेंदों का सामना करने के बाद 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान जोस बटलर ने 14 गेंदों में 3 छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। हेनरिक क्लासेन ने 11 रनों का योगदान दिया, जबकि माइकल ब्रेसवेल बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। हालांकि, सीफर्ट एक छोर को संभालकर खड़े रहे और उन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 38 गेंदों पर 72 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान सीफर्ट ने 4 चौके और 7 छक्के लगाए। उनकी इस शानदार पारी के दम पर मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने लक्ष्य को 2 गेंद शेष रहते हुए ही हासिल कर लिया।

### सीफर्ट को चुना गया 'प्लेयर ऑफ द मैच'

सीफर्ट को उनकी पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। गेंदबाजी में ट्रेंट रॉकेट्स की तरफ से मोहम्मद आमिर ने 29 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इससे पहले, ट्रेंट रॉकेट्स की ओर से पारी का आगाज करने उतरी बेन डकेट और फिल साल्ट की सलामी जोड़ी ने 48 रन जोड़े। साल्ट 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि डकेट ने 24 गेंदों में 31 रनों का योगदान दिया। रोवमैन पॉवेल ने सिर्फ 13 गेंदों का सामना करते हुए 38 रनों की दमदार पारी खेली। सैम बिलिंग्स 4 रन ही बना सके, जबकि टिम डेविड बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। डिवेन सैटेकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे।

## वर्ल्ड पैरा आर्चरी सीरीज में रोहतक के नवीन दलाल का चयन हुआ



रोहतक। जिले के प्रतिभाशाली पैरा तीरंदाज नवीन दलाल का आगामी वर्ल्ड पैरा आर्चरी सीरीज 2026 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा जारी चयन प्रमाण-पत्र के अनुसार, उनका चयन डब्ल्यू एक मेन वर्ग में किया गया है। नवीन दलाल का चयन भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम के लिए आयोजित चयन ट्रायल में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। ये चयन ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत में आयोजित किए गए थे। अब नवीन दलाल आगामी 3 से 10 सितंबर 2026 तक अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित होने वाली वर्ल्ड पैरा आर्चरी सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। नवीन दलाल का भारतीय टीम में चयन रोहतक और हरियाणा के लिए गौरव का विषय है। नवीन दलाल ने ट्रायल में प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। नवीन दलाल ने पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से यह सिद्ध किया है कि वह भारत के अग्रणी पैरा तीरंदाजों में एक हैं। नेशनल पैरा चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीते। 2023 में एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता। 2023 में पैरा एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 2024 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। नवीन दलाल रोहतक की तहसील कार्यालय में पटवारी के पद पर कार्यरत हैं।



## यह मेरे फुटबॉल कॅरियर का अंतिम साल : रेनाल्डो

रियाद

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा है कि सऊदी प्रो लीग का यह सत्र संभवतः उनके पेशेवर करियर का आखिरी सत्र होगा। इस 41 वर्षीय खिलाड़ी का सऊदी अरब के क्लब अल नासर के साथ अनुबंध अगले साल जून में समाप्त हो रहा है और उन्होंने बोला पत्रिका को बताया है कि एक और अनुबंध की संभावना नहीं है। रोनाल्डो ने कहा, 'शायद यह फुटबॉल में मेरा आखिरी साल है। मैं एक शानदार विरासत छोड़ना चाहता हूं।' अपने करियर में अब तक 976 गोल करने वाले रोनाल्डो ने इसी महीने की शुरुआत में अपनी लंबे समय की साथी जॉर्जीना रोड्रिगेज से शादी की। उन्होंने कहा, 'मैंने अपने भविष्य की पूरी योजना बना ली है। मेरे पास खुद को व्यस्त रखने के लिए इतनी सारी चीजें हैं कि सिर्फ एक चीज बताना मुश्किल है। फुटबॉल छोड़ने से बड़ा खालीपन आ सकता है, इसलिए आपको उसकी भरपाई एक तरीके से नहीं बल्कि कई तरीकों से करनी होगी।'

**सिंकफील्ड कप : 3.5 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर कायम**

# प्रज्ञानानंदा का मास्टरस्ट्रोक, अरोनियन को ड्रॉ पर रोका

सेंट लुइस

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने 'ग्रैंड चेस (शतरंज) टूर' के तहत खेले जा रहे सिंकफील्ड कप के छठे दौर में अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली। इस परिणाम के साथ प्रज्ञानानंद 3.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर बाकी हैं। अमेरिका के वेस्ली सो चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। 4,75,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में पांच मुकाबलों में से केवल एक का नतीजा निकला। सो ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ अंक बांटे।



### पांचवें स्थान पर कारुआना, सैमुअल्स

प्रज्ञानानंद के अलावा वाचियर-लाग्रेव और जर्मनी के विंसेंट कीमर भी 3.5 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के फैबियानो कारुआना, लेविस सैमुअल्स और अरोनियन तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। नीदरलैंड के अनीश गिरी और विश्व चैंपियनशिप के दावेदार उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव तालिका में इनके बाद हैं, जबकि नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट एक अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं। अरोनियन के खिलाफ प्रज्ञानानंद ने स्थिति को पेचीदा बनाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन अमेरिका के पूर्व खिलाड़ी ने शानदार बचाव किया। दिन की एकमात्र निर्णायक बाजी अनीश ने जीती। उन्होंने हमवतन वान फोरेस्ट के खिलाफ जीत हासिल की।

### गुकेश में दिख रही आत्मविश्वास की कमी : निहाल सरीन

पेरिस। भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन का मानना है कि विश्व चैंपियन डी गुकेश की खराब फॉर्म कौशल की वजह से नहीं बल्कि आत्मविश्वास की कमी के कारण है। उन्हें उम्मीद है कि समरकंद में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करके वह विश्व चैंपियनशिप से पहले अपना आत्मविश्वास हासिल कर लेंगे। गुकेश 2024 में विश्व चैंपियन बनने के बाद अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इस साल नॉर्वे शतरंज और फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट दोनों में अंतिम स्थान पर रहने तथा टाटा स्टील मास्टर्स और प्राग मास्टर्स में भी खराब प्रदर्शन के कारण उनकी रेटिंग में गिरावट आई है। सरीन ने कहा, 'उन्हें बस अपना आत्मविश्वास वापस हासिल करने की जरूरत है। मुझे पूरी उम्मीद है कि वह ओलंपियाड में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'



हमारे आस-पास ऐसे भी लोग होते हैं, जो कुछ भी ऐसा बोल जाते हैं, जो तल्ख या कटाक्ष भरा होता है। इससे दिल को ठेस लगती है। इस कारण हम बहुत समय तक मेंटली डिस्टर्ब रहते हैं। यह हमारे मेंटल ही नहीं फिजिकल हेल्थ के लिए भी सही नहीं है। इसलिए लोगों की बातों को हमें इस तरह दिल पर नहीं लेना चाहिए। हमेशा मेंटली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग रहना चाहिए।

# दूसरों की बातों को ना लें दिल पर बनें मेंटली-इमोशनली स्ट्रॉन्ग

कवर स्टोरी



डॉ. आरती आनंद

क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट

सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

यदि हमारी जीवनशैली तनावमुक्त हो, तो यह किसी वरदान से कम नहीं है, लेकिन अक्सर ही हम छोटी-छोटी बातों को भी दिल से लगा लेते हैं। किसी की आलोचना, कटु शब्द या नकारात्मक व्यवहार हमें भीतर तक कचोट जाता है। फिर हम उसी घटना के बारे में लगातार सोचते रहते हैं। यही ओवरथिंकिंग धीरे-धीरे हमारा मानसिक संतुलन बिगाड़ देती है। परिणाम यह होता है, हमारी सोच नेगेटिव होने लगती है, जो हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है।

## नेगेटिव सोच का हेल्थ पर बुरा असर

जब मन नेगेटिव सोच से भरा रहता है, तो इसका असर हमारे पूरे जीवन पर पड़ता है। रातों की नींद उड़ जाती है, मन हर समय चिंता में डूबा रहता है, एक बेचैनी रहती है। घर का माहौल भी तनावपूर्ण हो जाता है। रिश्तों में भी खटास आने लगती है। लंबे समय तक ऐसी स्थिति बनी रहने से इसका प्रभाव केवल मन पर ही नहीं, शरीर पर भी पड़ने लगता है। सिरदर्द, थकान, उच्च रक्तचाप और कई अन्य शारीरिक समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। इसलिए हमें मेंटली-इमोशनली स्ट्रॉन्ग होना चाहिए। किसी की पैनिक बातों पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए।

## इमोशनली कौन होता है स्ट्रॉन्ग

इमोशनली स्ट्रॉन्ग व्यक्ति वह नहीं होता, जो लोगों की बातों को दिल पर ना ले, उसे कभी दुख न हो या जो लोगों के व्यवहार से व्यथित होकर कभी रोए नहीं। बल्कि वह व्यक्ति इमोशनली स्ट्रॉन्ग होता है, जो हर कठिन परिस्थिति में स्वयं को संभालना जानता है। अपनी भावनाओं और परिस्थितियों को समझता है, उन्हें स्वीकार करता है, परिस्थितियों के अनुसार सही निर्णय लेने का प्रयास करता है।

## लोग हमारे हिसाब से व्यवहार नहीं करते

इंसान को यह समझना चाहिए कि जीवन में हर व्यक्ति हमारे हिसाब से पेश नहीं आता। वह अपने हिसाब से बोलता है, व्यवहार करता है, ऐसे लोग हमारे नियंत्रण से बाहर होते हैं। वहीं कुछ लोग हमारे स्वभाव के अनुकूल होते हैं, अच्छे से पेश आते हैं। बुद्धिमानी इसी में है कि जो हमारे अनुकूल है, उसे स्वीकार करें, साथ ही जिन्हें हम बदल सकते हैं, उन्हें बदलने का प्रयास करें। यह सोच हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाती है, तरह-तरह के लोगों का सामना करने का साहस देती है।

## लोग क्यों गलत व्यवहार करते हैं

जो लोग बिना सोचे-समझे गलत-सलत बोलते हैं, गलत व्यवहार करते हैं, इसके पीछे के कारणों को हमें समझना चाहिए। असल में ऐसे लोग यह नहीं



समझते कि उनके व्यवहार का सामने वाले पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इस तरह के लोग नकारात्मक सोच रखते हैं, उनमें आत्मविश्वास की कमी होती है।



दरअसल, बचपन से वे अपने परिवार और माता-पिता के व्यवहार को देखकर यही सीखे होते हैं। इसलिए उन्हें लगता है कि यदि वे तुरंत कुछ नहीं बोलेंगे तो लोग उन्हें कमजोर समझेंगे। इसलिए वे कुछ भी उल्टा-सीधा बोल देते हैं।

## कैसे करें अपने आपको कंट्रोल

किसी को भी दूसरों के साथ इस तरह का गलत व्यवहार नहीं करना चाहिए कि वह हर्ट फील करें, अपमानित महसूस करे या गुस्सा आए। जब भी आपको इस तरह की किसी बात पर गुस्सा आए तो अपने आपको नियंत्रित करने की कोशिश करें। किसी भी बात को व्यक्तिगत रूप से न लें। अपने मन को शांत रखें, दो मिनट रुकें और फिर सामने वाले को शांत मन से प्रेम पूर्वक जवाब दें। जहां तक संभव हो, तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। अक्सर हम गलत ढंग से तब ही प्रतिक्रिया देते हैं, जब हमारे मन में किसी व्यक्ति के प्रति पहले से नकारात्मक भाव भरे होते हैं। इसलिए मन में नकारात्मकता को स्थान न दें, हमेशा सकारात्मक सोच रखें। धैर्य से काम लें, संयमित व्यवहार करें।

## दूसरों की बातों को महत्व न दें

जब हम दूसरों की किसी बात को दिल से लगा लेते हैं तो उसी के बारे में लगातार सोचते रहते हैं, पूरे दिन मूड खराब रहता है। फिर हम इसके लिए दूसरे व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराते हैं, जबकि वास्तविक गलती हमारी होती है, क्योंकि हमने उसकी बातों को सच मान लिया। ऐसा अक्सर अपने भीतर आत्मविश्वास की कमी के कारण होता है। इसलिए दूसरों की बातों को आवश्यकता से अधिक महत्व ना दें।

## अपने काम पर रहें केंद्रित

घर-परिवार या कार्यालय में जो कुछ भी हो रहा हो, उसे हर बार व्यक्तिगत रूप से ना लें। अपने मन को शांत रखें और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करें। चाहे सामने वाला आपका बॉस हो या परिवार का कोई सदस्य, अपनी बात हमेशा शांत, संयमित और प्रेम पूर्वक सलीके से रखें। यह ध्यान रखें कि आपकी बात से सामने वाले को ठेस न पहुंचे।

## तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें

यदि कोई ऐसी बात आपके सामने आती है, जिससे आपको गुस्सा या दुःख महसूस हो तो तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। पहले अपने मन को शांत करें, परिस्थिति पर विचार करें फिर अपनी बात सहजता और पूरी विनम्रता से व्यक्ति के सामने रखें।

## अपनी दिनचर्या को रखें व्यवस्थित

अपने बारे में कभी भी नेगेटिव बातें ना सोचें। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग या व्यायाम करें। पर्याप्त नींद लें और संतुलित भोजन करें। एक व्यवस्थित दिनचर्या अपनाएं, क्योंकि स्वस्थ दिनचर्या भावनाओं को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही उन लोगों के साथ समय बिताएं, जो आपसे प्रेम करते हैं, आपका सम्मान करते हैं, जिनके साथ रहकर आपको खुशी महसूस होती है, पॉजिटिव एनर्जी मिलती है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

### काउंसलिंग कराना भी है फायदेमंद



यदि किसी व्यक्ति का व्यवहार सही नहीं रहता है, वह बार-बार आपको परेशान कर रहा है, तो सबसे पहले उसे शांत और प्रेम पूर्वक समझाने की कोशिश करें। यदि इसके बाद भी उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आता, तो उसे काउंसलिंग लेने की सलाह दें। अक्सर लोग 'काउंसलिंग' शब्द सुनते ही घबरा जाते हैं, जबकि इसमें डरने जैसी कोई बात नहीं है। काउंसलिंग व्यक्ति को अपनी भावनाओं, सोच और व्यवहार को बेहतर ढंग से समझने और उसमें सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करती है।

---

# नई पीढ़ी के बदलते रिश्ते समझदारी से बढ़ाएं कदम

हाल के वर्षों में युवक-युवतियों के बीच 'फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स' और 'सिचुएशनशिप' जैसे रिलेशंस काफी देखे जा रहे हैं। ऐसे रिलेशंस कितने स्थायी होते हैं, इनका भविष्य कैसा है, इस बारे में समझना जरूरी है।



नया दौर

स्नेहा सिंह

आज की नई पीढ़ी में स्त्री-पुरुष के रिश्तों की परिभाषा तेजी से बदल रही है। पहले जहां प्रेम, विश्वास और विवाह को किसी भी संबंध का आधार माना जाता था, वहीं अब कुछ नए प्रकार के रिश्ते युवाओं के बीच सामान्य होते जा रहे हैं। इनमें 'फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स' और 'सिचुएशनशिप' जैसे संबंध प्रमुख हैं। ऐसे रिलेशन में आगे कदम बढ़ाने से पहले इनके बारे में समझना आवश्यक है।

## फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स और सिचुएशनशिप

'फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स' ऐसे दो दोस्तों का संबंध होता है, जिनके बीच दोस्ती तो होती है, लेकिन प्रेम या भविष्य को लेकर कोई प्रतिबद्धता नहीं होती। वे केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए जुड़ते हैं। दोनों के बीच यह स्पष्ट समझ होती है कि भविष्य में कोई एक-दूसरे पर अधिकार नहीं जताएगा। दूसरी ओर 'सिचुएशनशिप' दोस्ती से एक कदम आगे का रिश्ता माना जाता है। इसमें आकर्षण, रोमांस, साथ समय बिताना, उपहार देना, डिनर पर जाना और एक-दूसरे की मदद करना जैसी बातें शामिल होती हैं, लेकिन विवाह या जीवन भर साथ निभाने का कोई वादा नहीं होता।

## क्यों बढ़ रहे हैं ऐसे रिलेशन

ऐसे रिश्ते पारंपरिक सोच रखने वाले परिवारों के लिए स्वीकार करना कठिन होते हैं। बचपन से बच्चों पर अच्छी पढ़ाई, बेहतर करियर, ऊंची आय और सामाजिक प्रतिष्ठा हासिल करने का दबाव समय के साथ बढ़ता जाता है। इस दौड़ में उन्हें रिश्तों की भावनात्मक गहराई, परिवार के महत्व और वैवाहिक जीवन की जिम्मेदारियों को समझने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाता। परिणामस्वरूप कई युवा ऐसे रिश्तों को सुविधाजनक विकल्प मानने लगते हैं, जिनमें जिम्मेदारी कम और स्वतंत्रता अधिक होती है।

## महिलाएं रखें ध्यान

महिलाएं भावनाओं और आकर्षण के बीच का अंतर समझें। किसी भी रिश्ते में आत्मसम्मान, विश्वास, स्पष्टता और मानसिक सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण होता है। केवल अकेलेपन या आकर्षण के कारण ऐसा संबंध स्वीकार करना, जिसमें भविष्य की कोई स्पष्ट दिशा न हो, बाद में भावनात्मक पीड़ा का कारण बन सकता है। बदलते समय को समझना आवश्यक है, लेकिन ऐसे संबंधों का चुनाव करते समय महिलाओं को अपनी भावनात्मक सुरक्षा, सम्मान और भविष्य को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए।

## परिवार की क्या हो भूमिका

परिवारों की भी जिम्मेदारी है कि वे बेटियों, बेटों दोनों के साथ रिश्तों, भावनाओं और विवाह जैसे विषयों पर खुलकर संवाद करें। यदि युवाओं को स्वस्थ संबंधों का महत्व समझाया जाए तो वे जिम्मेदार रिश्तों की ओर अधिक आकर्षित होंगे।

---

सजेशन

मनोज अग्निहोत्री

अगर आप फ्लैट में रहते हैं तो ध्यान रखें कि आपके बच्चों की एक्टिविटीज ऐसी नहीं होनी चाहिए कि सोसाइटी में रहने वाले दूसरे लोगों को कोई परेशानी हो। ऐसे में उन्हें बचपन से ही सोसाइटी में रहने के कुछ एटिकेट्स जरूर सिखाएं।

# बच्चों को सिखाएं सोसाइटी एटिकेट्स



शहरों-महानगरों के फ्लैट कल्चर के इस युग में एक कैंपस या सोसाइटी में सैकड़ों परिवार रहते हैं। वहां पर कैंपस में ही सभी सुविधाएं होती हैं। ऐसे में बच्चों को सोसाइटी में रहने के एटिकेट्स सिखाना बहुत आवश्यक है, क्योंकि बच्चों की आदतें, स्वभाव और गतिविधियां कहीं-न-कहीं उनके पैरेंट्स की परवरिश के बारे में भी बताती हैं।

**पड़ोसियों से सम्मानजनक व्यवहार:** बच्चों को किसी के भी घर में जाकर यहां-वहां ताका-झांकी न करने को कहें। भले ही किसी पड़ोसी का दरवाजा खुला हो पर उन्हें कॉलबेल बजाकर ही घर में प्रवेश करने को कहें। किसी के भी घर में प्रवेश करने से पहले अपने से बड़ों का अभिवादन करना सिखाएं। कई बार बच्चे खेल-खेल में अपने आस-पास के फ्लैट्स की कॉलबेल बजाकर भाग जाते हैं, जिससे उस फ्लैट में रहने वालों को काफी परेशानी होती है। इसलिए बच्चों को ऐसा न करने की सख्त हिदायत दें।

**एमिनिटीज को ठीक से हैंडल करें:** आजकल प्रत्येक सोसाइटी में जिम, स्विमिंग पूल और झूले जैसी अनेक एमेनिटीज होती हैं। आप बच्चों को इन्हें सभ्यतापूर्वक प्रयोग करने की हिदायत दें। कई बार छोटे बच्चे जिम में जाकर डंबल्स और अन्य चीजों की उठा-पटक करते हैं, जिससे उन्हें चोट तो लग ही सकती है। साथ ही जिम की चीजें भी अस्त-व्यस्त हो जाती हैं। इसलिए उन्हें ऐसा न करने को समझाएं।

**सोसाइटी को रखें साफ-सुथरा:** अक्सर बच्चे लिफ्ट, वेटिंग एरिया आदि को स्केच पेन से गंदा कर देते हैं, अपनी साइकिलों को इधर-उधर छोड़ देते हैं, सोसाइटी के गार्डन एरिया में फूलों को तोड़ने लगते हैं या फिर कई बार बच्चे चिप्स, चॉकलेट-टॉफी आदि के पैकेट्स को कहीं भी फेंक देते हैं। सोसाइटी को भी अपने घर की तरह ही साफ-सुथरा रखने की हिदायत और सीख अपने बच्चों को दें। सामूहिक रूप से उन्हें सोसाइटी क्लीन करने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए वीक में किसी हॉली-डे पर आप खुद भी बच्चों के साथ मिलकर सोसाइटी को क्लीन रखने के काम में उनका साथ दे सकते हैं। इससे बच्चे प्रेरित होंगे और उत्साह से इस काम को करेंगे।

**सभी को दें रेस्पेक्ट:** कुछ बच्चे सोसाइटी के गार्ड्स, स्वीपर्स और मेड्स से मिसबिहेव करते हैं। आप उन्हें अपने से बड़े प्रत्येक इंसान से सम्मानजनक तरीके से पेश आने को कहें फिर चाहे वह सोसाइटी का वर्कर हो या निवासी।

**नियमों का करें पालन:** अक्सर बच्चे सोसाइटी की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के कांच तोड़ देते हैं या फिर उन पर स्क्रैच कर देते हैं। उन्हें इस प्रकार की हरकतें करने पर समझाएं, हल्की डांट भी लगाएं और आगे से न करने की सीख दें। उन्हें समझाएं कि अगर कोई हमारी गाड़ी पर ऐसा करेगा तो कितना गंदा लगेगा। इससे बच्चे जल्दी समझेंगे और भविष्य में ऐसा नहीं करेंगे। इसके साथ ही सोसाइटी के नियम उन्हें बताएं कि क्या करना है और क्या नहीं? आप उन्हें हर उस एक्टिविटी के बारे में जरूर बताएं, जिससे दूसरों को परेशानी हो सकती है।

(चाइल्ड काउंसलर कीर्ति वर्मा से की गई बातचीत पर आधारित)

### दूसरे बच्चों से अच्छा बिहेवियर



अपने बच्चों को सोसाइटी के सभी बच्चों के साथ मिलनसारपूर्वक व्यवहार करने और परस्पर लड़ाई-झगड़ा न करने को कहें। साथ ही किसी बात पर मतभेद होने पर खुद ही झगड़ा करने के स्थान पर बड़ों से शिकायत करने को कहें ताकि बच्चे आपस में भाईचारे से रहते रहें।

---

स्किन केयर



शहनाज हुसैन, ब्यूटी एक्सपर्ट

# स्किन प्रोटेक्शन के लिए घर में बनाएं सनस्क्रीन

हालांकि बारिश के दिनों में धूप कम ही निकलती है लेकिन इसके बावजूद धूप से सुरक्षा बहुत जरूरी होती है क्योंकि सूर्य की यूवी किरणें बादलों को पार करके जमीन पर आ जाती हैं और त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसे में आप 30 एस पी एफ या इससे ज्यादा क्षमता की सनस्क्रीन जरूर लगाएं। लेकिन त्वचा की सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन के साथ-साथ घरेलू उपचारों को भी आजमाएं।

**ऐसे बना सकते हैं सनस्क्रीन:** घर में उपलब्ध चीजों से सनस्क्रीन बनाने के लिए एलोवेरा जैल, नारियल तेल, शिया बटर और जिंक ऑक्साइड का उपयोग किया जा सकता है। इन सबको मिलाकर एक क्रीम बनाई जा सकती है, जो त्वचा को धूप से बचाने में मदद करती है। धूप की जलन से त्वचा की सुरक्षा में एलोवेरा महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। एलोवेरा को आप सीधे पौधे से तोड़कर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसकी शाखा को खुरच कर जैल निकाल लें और इसे सीधे अपनी त्वचा पर लगा लें। कुछ देर बाद त्वचा को ताजे पानी से धो डालें। यह सनबर्न का बेहतर इलाज है।



**खीरा-गुलाब जल:** त्वचा के लिए गुणकारी खीरा का इस्तेमाल भी आप सनस्क्रीन लोशन बनाने के लिए कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें और उसका पूरा रस निकाल लें। अब इसमें गुलाब जल मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को आप सनस्क्रीन की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। ठंडी तासीर की वजह से खीरा आपको ठंडक देगा।

**नारियल-जैतून तेल:** नारियल-जैतून तेल स्किन के लिए काफी फायदेमंद हैं। इससे सनस्क्रीन बनाने के लिए, आधे कप नारियल तेल में ऑलिव ऑयल की 15 बूंदें डालें। अब इसमें 7 बूंदें कैरट सीड्स ऑयल मिलाएं और इसे एक कांच की बोतल में भरकर रख दें। आप इसे लंबे समय तक यूज कर सकती हैं।

**शिया बटर-बादाम ऑयल:** कांच की कटोरी में दो चम्मच बादाम का तेल, एक चम्मच शिया बटर, 1 चम्मच कोको बटर, विटामिन ए, कैप्सूल, जिंक ऑक्साइड आधा चम्मच लें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक एयर टाइट कंटेनर में रख लें, बाहर जाने से 15-20 मिनट पहले लगा लें।

**एलोवेरा-शिया बटर:** 1 चम्मच एलोवेरा जैल, 1-2 चम्मच नारियल तेल, 3-4 चम्मच शिया बटर और 3-4 चम्मच जिंक ऑक्साइड को एक कटोरी में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को एक प्लास्टिक के डब्बे में डालकर फ्रीज में रख लीजिए और यूज कीजिए। एलोवेरा जैल, स्किन को मॉयश्चराइज करने में मदद करता है और त्वचा को ठंडक प्रदान करता है।

---

फिटनेस

निकिता चौहान

ऑफिस में कई-कई घंटे बैठकर रेग्युलर डेस्क वर्क करने से आपकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। इससे बचने के लिए आप वर्कप्लेस पर माइक्रो वॉक कर सकती हैं। यह कैसे करते हैं, इसके क्या फायदे हैं, जानिए।

# ऑफिस में करें माइक्रो वॉक आप रहेंगी फिट-एनर्जेटिक

आज के समय में अधिकतर वर्किंग महिलाएं दिन में कई घंटे वर्कप्लेस पर सिटिंग जॉब करती हैं। ऑफिस में लगातार कई घंटे तक कुर्सी पर बैठे रहना वर्किंग प्रोफेशनल्स की मजबूरी बन चुकी है। इससे धीरे-धीरे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए अपनी फिटनेस पर आपको ध्यान देना जरूरी है।

**लगातार बैठने से होने वाले नुकसान:** लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर की मांसपेशियां निष्क्रिय हो जाती हैं, जिससे कमर, गर्दन और कंधों में दर्द की समस्या बढ़ सकती है। इसके अलावा रक्त संचार धीमा होने लगता है, जिससे पैरों में जकड़न, सूजन और थकान महसूस हो सकती है। लगातार बैठे रहने से मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों का जोखिम भी बढ़ सकता है। मानसिक रूप से भी लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से तनाव, एकाग्रता में कमी और कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता है।

**वर्क ब्रेक लेना है जरूरी:** फिट रहने के लिए केवल जिम जाना ही पर्याप्त नहीं है। पूरे दिन सक्रिय रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि



आप ऑफिस में हर घंटे सिर्फ 2-5 मिनट चलने की आदत बना लेती हैं, तो यह आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत दोनों के लिए लंबे समय में लाभकारी साबित हो सकता है। छोटी-छोटी स्वस्थ आदतें ही भविष्य में बड़ी बीमारियों से बचाती हैं।

**क्या है माइक्रो वॉक:** इन समस्याओं से बचाव में माइक्रो वॉक काफी कारगर हो सकती है। माइक्रो वॉक का अर्थ है, दिन भर में नियमित अंतराल पर केवल 2 से 5 मिनट के लिए उठकर चलना। हर 30 से 60 मिनट में अपनी सीट से उठें, थोड़ा टहलें, पानी भरने जाएं, सीढ़ियां चढ़ें या ऑफिस के कॉरिडोर में कुछ मिनट टहलें।

**माइक्रो वॉक के फायदे:** इसके कई फायदे हैं। जैसे-शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है। कमर, गर्दन और कंधों पर पड़ने वाला दबाव कम होता है। शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और थकान कम महसूस होती है। मानसिक तनाव कम करने और मूड बेहतर रखने में मदद मिलती है। एकाग्रता और उत्पादकता बढ़ती है। लंबे समय में मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में सहायता मिलती है। लंबे समय तक बैठने से होने वाली मसल्स की अकड़न में राहत मिलती है।

**कैसे करें माइक्रो वॉक :** हर 45-60 मिनट का रिमाइंडर अपने फोन पर सेट करें। फोन पर बात करते समय बैठे रहने की बजाय चलते हुए बातचीत करें। पानी की बोतल बार-बार भरने के लिए स्वयं जाएं। यदि संभव हो, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का उपयोग करें। प्रिंटर तक या सहकर्मी की डेस्क तक पैदल जाएं। वर्किंग ऑवर्स में छोटे-छोटे ब्रेक लेकर कुछ कदम जरूर चलें।

**मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद:** जब हम कुछ मिनटों के लिए अपनी सीट छोड़कर चलते हैं, तो मस्तिष्क को भी एक छोटा ब्रेक मिलता है। इससे तनाव कम होता है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है और कार्य के प्रति उत्साह बना रहता है। कई बार केवल दो-तीन मिनट की वॉक भी मानसिक थकान को काफी हद तक कम कर सकती है। वैसे तो सिटिंग जॉब करने वाले सभी के लिए माइक्रो जॉब फायदेमंद है लेकिन आईटी प्रोफेशनल्स, बैंक, कॉल सेंटर, अकाउंटेंट्स आदि प्रोफेशनल्स के लिए अधिक जरूरी है।

(फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. इंद्रमणि उपाध्याय से बातचीत पर आधारित)

# बूथ केंद्रित प्रवास, संगठन विस्तार की रीढ़ : सुधीर सिंह

**-22 अगस्त को क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के भव्य स्वागत के लिए 70 स्थान चिन्हित**

**-जिला पदाधिकारियों को प्रत्येक माह की 1 तारीख को जमा करना होगा प्रवास पत्रक**




**( यंग भारत न्यूज )**

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मंगलवार, 18 अगस्त को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, जिला महामंत्री विकास कुशवाहा तथा जिला महामंत्री अरविंद राजपूत उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि बूथ केंद्रित प्रवास ही संगठन विस्तार की असली रीढ़ है। उन्होंने डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम (ष्ठरुक्क) के सफल क्रियान्वयन पर जोर देते हुए बताया कि इसके माध्यम से प्रत्येक बूथ पर 25 कार्यकर्ताओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है, ताकि केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

क्षेत्रीय अध्यक्ष का 22 अगस्त को होगा ऐतिहासिक स्वागत

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू का 22 अगस्त को आगमन हो रहा है। झांसी विधानसभा के समस्त 5 मंडलों और बबीना विधानसभा के सदर मंडल से होते हुए भाजपा कार्यालय तक कुल 70 स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि झांसी से क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना जाना सभी कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। संगठनात्मक निर्देश एवं आगामी कार्य योजना मै प्रमुख रूप से प्रवास पत्रक जिला पदाधिकारियों को हर माह की 1 तारीख को अपना प्रवास पत्रक जमा करना होगा ,बूथ मैपिंग व पन्ना प्रमुख पन्ना प्रमुख गठन की प्रक्रिया पूर्ण कर जिला कार्यालय भेजनी है तथा नए बूथों के अनुसार शक्ति केंद्रों की मैपिंग की जानी है।,डिजिटल लक्ष्य, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान के लक्ष्य को 25 अगस्त तक पूर्ण करना अनिवार्य है,सरल ऐप पर अपलोड,शक्ति केंद्र बैठकों और 'मन की बात' कार्यक्रम की तस्वीरें अनिवार्य रूप से सरल ऐप पर अपलोड कर जिले को भेजनी होंगी,संत संपर्क कार्यक्रम,समरसता संकल्प अभियान के तहत 'संत संपर्क कार्यक्रम' की तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए गए,अभियानों की समीक्षा व सम्मान बैठक में हाल ही में संपन्न 'हर घर तिरंगा यात्रा' और 'समरसता संकल्प अभियान' की मंडलवार समीक्षा की गई। सफल रथ यात्रा के लिए समरसता संकल्प यात्रा के संयोजक संतराम पेंटर, सह-संयोजक अनुराग अहिरवार, पुष्पेंद्र सिंह चौहान ,संजीव तिवारी एवं सुनील विश्वकर्मा का स्वागत कर कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं,कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री विकास कुशवाहा ने किया तथा आभार व्यक्त जिला महामंत्री अरविंद राजपूत ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजीव अग्रवाल लाला,ममता लश्करी,अभिषेक जैन, कपिल बिरसेनिया, देवेंद्र दुबे, प्रियांशु डे, पलविंदर नंदा ,विनीत खटीक , मनोज श्रीवास ,मोहित पोरवाल, मंगल श्रीवास्तव, अंकित साहू, रंजीत साहू, कमलेश परिहार, विशाल दीक्षित, दिलीप पूरी, बिरजू कुशवाहा, रवि राजपूत ,रूपेश नायक ,राजेश पाल, शिखा साहू, ऋषि सैनी, विजय शिवहरे 'मोनू' अमन मिश्रा महामंत्री सिविल लाइंस मंडल,भगवान दास वर्मा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मानवता के सच्चे संवाहक थे मधुप्रकाश श्रीवास्तवः सातवीं पुण्यतिथि पर दरिद्र नारायण आश्रम में उमड़ा जनसैलाब




**( यंग भारत न्यूज )**

जालौन ।समाजसेवा और राजनीति को मानवता की सेवा का जरिया मानने वाले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय मधु प्रकाश श्रीवास्तव जी की सातवीं पुण्यतिथि पर पूरा नगर श्रद्धा से नतमस्तक नजर आया। उनके व्यक्तित्व का मुख्य आधार 'मानवता' ही था, जिसकी झलक उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों में स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

इस अवसर पर दरिद्र नारायण आश्रम, कोंच में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अपने जीवनकाल में हर वर्ग और असहाय व्यक्ति की निस्वार्थ सेवा करने वाले मधु जी की स्मृति में आश्रम के निर्धन, असहाय और दिव्यांगजनों को भोजन कराया गया तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नम आंखों से नमन किया गया।

हर वर्ग की मदद और सर्वदलीय स्वीकृति था उनका व्यक्तित्व

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नागरिकों व समाजसेवियों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए नगर के समग्र विकास में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। > 'मधु जी केवल एक निष्ठावान नेता ही नहीं, बल्कि हर वर्ग और जरूरतमंद की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने वाले सहृदय व्यक्ति थे। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी दलों में उनकी गहरी पकड़ और सम्मान था। यह उनके विशुद्ध मानवतावादी दृष्टिकोण का ही असर है कि आज भी समाज के सभी वर्ग उन्हें उतने ही आदर और स्नेह के साथ याद करते हैं।'

>स्मृतियों में जीवित हैं मधु जी

इस दौरान उनके पुत्र वैभव श्रीवास्तव, शिखर श्रीवास्तव और कुशाग्र श्रीवास्तव ने अपने पिता के बताए मानवीय मूल्यों पर चलने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ उनके करीबियों और नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर रामदास यादव, गजराज कुशवाहा , जाहर सिंह, रिंकू गुर्जर, अमित यादव (कोंच), अरविंद त्रिपाठी, लल्लन श्रीवास्तव, प्रखर गुप्ता, शिवम शर्मा, आकाश और अमित सक्सेना समेत कई लोग मौजूद रहे। सभी ने स्वीकार किया कि मधु प्रकाश श्रीवास्तव जी का जीवन निस्वार्थ सेवा, सौहार्द और मानवता का अनुपम उदाहरण था।

# पीआरडी जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**( यंग भारत न्यूज )**

**उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम गर्रेही में मानसिक रूप से परेशान एक पीआरडी जवान ने बीती रात फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। बता दे कि नगर क्षेत्र के ग्राम गर्रेही निवासी जगवंदन सिंह पुत्र शिवराम सिंह 52 वर्ष पीआरडी जवान के पद पर तैनात थे और आटा थाना क्षेत्र में ड्यूटी कर रहे थे। बीती रात्रि को वह अपनी ड्यूटी खत्म कर घर लौटे थे। परिजनों के अनुसार, बीती रात उन्होंने रोजाना की तरह खाना खाया और अपने कमरे में सोने चले गए। कमरे के अंदर से दरवाजा बंद कर उन्होंने चारपाई में बंधी अदवाइन की रस्सी खोली और छत के पंखे के हुक से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। मंगलवार की सुबह जब काफी देर तक जगवंदन सिंह कमरे से बाहर नहीं निकले, तो उनकी पत्नी राजू देवी और बच्चों ने आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर जब परिजनों ने खिड़की से अंदर झांककर देखा, तो शव पंखे से लटक रहा था। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पूछताछ शुरू कर दी ?। मृतक के परिजनों ने बताया कि जगवंदन पिछले काफी समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज कानपुर में मनो चिकित्सक डॉ. महेंद्रू के यहां से चल रहा था। संभवत: इसी मानसिक तनाव के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। वही इस विषय में थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि फोन पर सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर तत्काल प्रभाव से पहुंचकर प्राथमिक जांच पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बारिश से प्रभावित गांवों में पहुंचे विधायक जवाहर लाल राजपूत, पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

**-नुकसान पर आर्थिक सहायता और मुख्यमंत्री आवास योजना से दिलाए जाएंगे घर, एस डी एम से सर्वे कराने को कहा**



**( यंग भारत न्यूज )**

गरौठा। क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते रमपुरा, सुजानपुरा और शंकरगढ़ में कई मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। विधायक ने मौके पर पहुंचकर बारिश से गिरे मकानों का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं. विधायक ने कहा कि नुकसान पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता एवं जिन लोगों के घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं बेघर लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवाये जाएंगे.विधायक जवाहर लाल ाजपूत ने पीड़ित परिवारों में कमलेश, मगन, रोहित, गुलजारी, कमलू, संतोष, राकेश, तुलाराम निवासी रमपुरा, अशोक कुशवाहा, संतोष वंशकार, प्रकाश कुशवाहा, चेतराम जायसवाल निवासी सुजानपुरा, मन्नू लाल वंशकार, रामचरण वंशकार निवासी शंकरगढ से चर्चा की. भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन उनके साथ है. उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के मकान बारिश के कारण पूरी तरह गिर गए हैं, उन्हें आर्थिक सहायता एवं जो बेघर हो गए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी.उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रभावित परिवारों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा. विधायक ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाना प्राथमिकता है और पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी. गरौठा विधायक ने कहा कि मकान ढह जाने से परिवार प्रभावित हुई हैं. उपजिलाधिकारी से इस नुकसान पर सर्वे कराने एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से बेघरों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया शुरू की जाए.इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी विधायक को बारिश से उत्पन्न अन्य समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया.

# कुमकुम सिसोदिया के सिर पर सजा हरियाली तीज क्वीन का ताज

**-द्वितीय रूचि शुक्ला व संयुक्त रूप से रूपाली राय ,सपना जैन रहीं तृतीय**

**-हरियाली तीज पर आयोजित कार्यक्रमों में बिखेरा हुनर का जलवा, प्रस्तुतियों के माध्यम से दिया जागरूकता का संदेश**



**( यंग भारत न्यूज )**

झांसी ।अखण्ड सौभाग्य प्राप्ति के रूप में मनाये जाने वाले 'हरियाली तीज' पर्व पर सनफ्रॉन अशोक सिटी महिला मण्डल के तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत चौरसिया पत्नी डॉ प्रभात चौरसिया व मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर डॉ रूचि जैन पत्नी डॉ निर्देश जैन के आतिथ्य में किया गया। श्रावण मास में रिमझिम फुहारों के साथ, प्रकृति के श्रृंगार और उल्लास के पर्व हरियाली तीज के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम राजस्थानी परिधान में रंगीलो राजस्थान की संस्कृति के रंगों में रंगें, झूलों की पींग, घूमर की थाप और मेहंदी की महक के साथ कला के प्रदर्शन ने मंत्रमुग्ध कर दिया। मनोरंजक खेल,हरियाली क्वीन प्रतियोगिता,हँसी मजाक का तड़का व आज परिवेश में परिवार में होने वाली विभिन्न समस्याओं पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को जागरूकता का भी संदेश दिया गया।

कई चरणों में सफलता हासिल कर कुमकुम सिसोदिया ने हरियाली क्वीन के ताज पर कब्जा जमाया ,रूचि शुक्ला द्वितीय व तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रूपाली राय व सपना जैन रहीं। वन्दिता अग्रवाल की अध्यक्षता एवं निशी चौरसिया के संचालन में कार्यक्रम का शुभारंभ शिव व पार्वती जी की आरती से किया गया। पति-पत्नी प्रतियोगिता में भावना सोनी एवं श्रद्धा पाठक विजेता रही। वेस्ट इस्माइली प्रतिभा यादव, वेस्ट कास्ट्यूम में सुनीता यादव ने बाजी मारी ।कई ग्रुप गेम्स एवं सोलो परफॉर्मेंस के साथ ही सनफ्रॉन' अशोक सिटी महिला मण्डल' की पदाधिकारियों ने भी नृत्य की शानदार प्रस्तुति कर समां बांध दिया ।आभार पुष्पा निरंजन ने व्यक्त किया ।इस अवसर पर अनीता सिंह, साधना व्यास, ऋचा तिवारी, नीलम सिंह,निशी चौरसिया, वंदिता अग्रवाल ,अनीता वर्मा,पुष्पा निरंजन आदि के साथ ही भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# हवन, पूजन उपरांत निकाली गयी मंगल कलश यात्रा ,वरिष्ठ जनों ,विशिष्ट व मेधावी विद्यार्थियो का किया गया सम्मान

**( यंग भारत न्यूज )**



**झांसी।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चौरसिया समाज के तत्वाधान में सोमवार को नाग पंचमी पर्व चौरसिया दिवस के रूप में धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विविध धार्मिकों में अन्तर्गत पानी वाली धर्मशाला के निकट श्री राम जानकी मंदिर में हवन पूजन उपरांत मंदिर प्रांगण से

बुन्देलखण्ड चौरसिया समाज अध्यक्ष, समाज सेवी व व्यापारी नेता सतीश चौरसिया एड के मुख्य आतिथ्य में मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गयी,जो प्राचीन पचकुंईया स्थित मां शीतला माता मंदिर से कलश में जल भरकर पंचकुईया से सिंधी होटल, मानिक चौक, बड़ाबाजार, मुरली मनोहर मंदिर होते हुये गांधी रोड आदि मार्गो से भ्रमण उपरान्त सुभाष गंज स्थित मुन्नालाल धर्मशाला पर सम्पन्न हुयी ।इसके उपरांत मुन्नालाल धर्मशाला में चौरसिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अपना दल एस के वरिष्ठ नेता विजय चौरसिया एड,बुन्देलखण्ड चौरसिया समाज अध्यक्ष, समाज सेवी व व्यापारी नेता सतीश चौरसिया एड के आतिथ्य व अन्य अतिथियों में चन्द्र प्रकाश चौरसिया,अमित चौरसिया, डॉ राजेश चौरसिया एड,दिलीप चौरसिया द्वारा चौरसिया समाज के वरिष्ठ जनों एवं कक्षा 6 से 12 वीं तक के मेधावी विद्यार्थियो के अलावा शिक्षा/खेल आदि अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने /सफलता हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया ।इसके साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश चंद्र गौरहार जी परिवार द्वारा भी वर्ष 2025 व 2026 में कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं उत्तीर्ण सभी विधार्थियों को विशेष उपहार भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर चौरसिया समाज झांसी के मंत्री अनुज चौरसिया, संरक्षक राजेंद्र चौरसिया, दिलीप चौरसिया, अमरदीप चौरसिया, रिंकू चौरसिया, डॉ राजेश चौरसिया एड, राकेश चौरसिया,सुरेश चौरसिया, शंकरलाल चौरसिया, संजय चौरसिया,निशी चौरसिया,आदि भारी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक नेता नितिन चौरसिया ने किया।

# 20 अगस्त को निकलेगी सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा, हैलीकॉप्टर से बरसेंगे फूल

**( यंग भारत न्यूज )**



झांसी ।झांसी में 20 अगस्त को जिले की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। बुंदेलखंड कांवड़ यात्रा समिति के मुताबिक, यात्रा में ओरछा से करीब छह हजार कांवड़िये शामिल होंगे और झांसी की सीमा में पहुंचने के बाद यह संख्या 10 से 12 हजार तक पहुंचने की उम्मीद है।

यात्रा में भगवान के स्वरूपों की झांकियां, अघोरी मंचन और वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के रूप में स्कूली छात्राओं की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्रद्धालुओं पर शहर में चार स्थानों पर राजकीय हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी कराई जाएगी ।सर्किट हाउस में हुई पत्रकार वार्ता में समिति के अध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि ने बताया कि इस बार यात्रा में 101 दिव्यांग श्रद्धालु भी शामिल होंगे। इसके अलावा स्कूली छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में यात्रा का हिस्सा बनेंगी ।उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां निकाली जाएंगी। अघोरी मंचन भी किया जाएगा, जिससे यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं समिति के मुताबिक, यात्रा का शहर में करीब 70 से 80 स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में बबीना विधायक और यात्रा के संरक्षक राजीव सिंह पारीछा, धर्मगुरु हरिओम पाठक, संजीव अग्रवाल उर्फ लाला समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।समिति के अध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि ने बताया कि यात्रा विभिन्न इलाकों से होते हुए दोपहर 2 बजे झांसी शहर में प्रवेश करेगी। बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए शाम 5 बजे जिला प्रशासन के साथ बैठक कर रूट डायवर्जन भी निर्धारित किया जाएगा ।कांवड़ यात्रा सुबह 10 बजे ओरछा से शुरू होगी। इसके बाद यात्रा सातार, ओरछा तिगैला, भगवंतपुरा, रिसाला चुंगी, बस स्टैंड, कचहरी चौराहा, जेल चौराहा, इलाइट चौराहा, जीवनशाह और बीकेडी चौराहा होते हुए सिद्धेश्वर मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718